दैनिक **संस्करण :** जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 99 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। मंगलवार 10 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष अष्टमी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## परीक्षा पे चर्चा

### तकनीक के जरिए क्षमता को विकसित करें; पढ़ने के साथ लिखकर प्रैक्टिस करें

# टेक्नोलॉजी का गुलाम न बनें : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडिशन के दूसरे एपिसोड में देशभर से आए छात्रों से मुलाकात की। पीएम मोदी कोयंबटूर से छत्तीसगढ़ पहुंचे और बच्चों से बात की। इसके बाद पीएम गुवाहाटी के अष्टलक्ष्मी पहुंचे। पीएम ने कहा कि कभी भी टेक्नोलॉजी का गुलाम नहीं बनना चाहिए। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल क्षमता बढ़ाने में करें। दूसरे एपिसोड में पीएम मोदी ने बच्चों को पढ़ने के साथ, लिखकर प्रैक्टिस करने की सलाह दी। साथ ही बच्चों से कहा कि पहले निडर बनो फिर लीडर बन जाओगे।

#### कमजोर क्लासमेट्स की मदद :

पीएम ने छात्रों को पढ़ाई में कमजोर क्लासमेट्स की मदद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि छात्रों को उनसे दोस्ती करनी चाहिए और उन्हें टॉपिक समझाने चाहिए। दूसरों को पढ़ाने से खुद भी बेहतर सीखने में मदद मिलती है।

#### परीक्षा के समय तनाव कैसे कम करें :


आप पुरानी परीक्षा के दिनों को याद कीजिए। जब आप पुरानी परीक्षाओं को याद करेंगे, तो आपको लगेगा उस समय भी तनाव था, लेकिन जब वह परीक्षा देकर आ गया, तो कुछ नहीं था। ऐसा होता है ना। परीक्षा के लिए सबसे अच्छी चीज होती है कि आप पेपर सॉल्व करने की आदत डालें। लिखने की आदत डालें। अगर खुद आप इस तरह से प्रैक्टिस करते रहेंगे तो आपको कभी तनाव नहीं होगा।

#### जहां भी जाएं स्टूडेंट की तरह जाएं :

आप वेकेशन पर जा रहे हैं, तो पहले अपनी तहसील में देखें कहां जा सकते हैं, फिर जिला, फिर राज्य। कहने का मतलब ये है कि आप जहां भी घूमें एक स्टूडेंट की नजर से घूमें ताकि आप लगातार कुछ सीख सकें।

#### पहले निडर बनो, फिर लीडर बनो :

पहले निडर बनो, जो काम है, मन में तय करो कि कोई ओर करे या ना करे मैं करुंगा। जब आप ऐसा सोचना शुरू कर देंगे, तो आप देखेंगे कि अपने आप लीडरशिप क्वालिटी डेवलप हो जाएगी। मान लीजिए कहीं कचरा है और उसे आपने उठा लिया, तो आपको देखने वाले 4 लोग भी ऐसा ही करने लगेंगे।



### 6 फरवरी को जारी हुआ था पहला एपिसोड...

6 फरवरी को पहले एपिसोड में मोदी ने दिल्ली स्थित पीएम आवास पर बच्चों से चर्चा की थी। असम के गमछे पहने थे और उनके सवालों के जवाब भी दिए थे। पीएम मोदी ने स्टूडेंट्स को विदेशी चीजें छोड़कर स्वदेशी चीजें अपनाने की सलाह दी थी। साथ ही उनसे कहा था कि वो 25 साल में विकसित भारत बनाने को अपना सपना बनाएं। 27 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडिशन का वीडियो रिलीज हुआ था, जिसमें पीएम अलग-अलग लोकेशन पर बच्चों से सवाल-जवाब करते नजर आए थे।

#### पहले एपिसोड की चर्चा की 5 बड़ी बातें...

- विकसित भारत को अपना सपना बनाएंपीएम बोले- जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तब आप लोग 39-40 साल के होंगे। आपको अभी से विकसित भारत को अपना सपना बनाना चाहिए। भगत सिंह आजादी का सपना दिल में रखकर फांसी पर झूल गए। जो आजादी से 25 साल पहले, 30 साल पहले बलिदान किए गए, उसी से आजादी मिली। अपना सपना बनाएं कि विकसित भारत के लिए मुझे क्या करना है।
- खुद पर भरोसे से भगाएं कोई भी डरस्टूडेंट ने सवाल किया कि प्रेजेंटेशन देते समय मैं घबरा जाता हूं। इस डर को कैसे भगाऊंपीएम ने कहा- कभी देखा है कि फुटपाथ पर कोई गरीब महिला भी जब टीवी पर किसी घटना के बारे में बताती है तो कितने आत्मविश्वास से बात करती है। क्या उसने इंटरव्यू की कोई प्रैक्टिस की है नहीं। उसका आत्मविश्वास आता है सच्चाई है। उसे पता है कि उसने जो देखा वही कहना है। आप भी अपने किए हुए पर भरोसा रखें तो प्रेजेंटेशन का डर भाग जाएगा।
- देश की अमर कहानियों पर गेम बनाओगोवा के श्रीजीत गाडगिल ने सवाल किया, मेरा गेमिंग में बहुत इंटरेस्ट है। मगर पेरेंट्स नहीं समझते। मैं क्या करूं। पीएम ने जवाब दिया- भारत देश कहानियों से भरा हुआ है। आप खुद के गेम बनाओ। पंचतंत्र की कहानियों पर गेम बनाओ। अभिमन्यु की कहानी पर गेम बनाओ और अपनी वेबसाइट बनाकर उसपर लॉन्च करो। धीरे-धीरे देखोगे कि कितने लोग तुम्हारे गेम्स खेल रहे हैं।
- मार्क्स-मार्क्स की बीमारी से बचोएक स्टूडेंट के सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने कहा- पता नहीं ये मार्क्स- मार्क्स की बीमारी कैसे फैल गई है। आप लोगों को पिछले साल के टॉप 1 से 10 तक के नाम याद हैं क्या ये उप्लब्धि तो कुछ देर के लिए होती है। हमें ये देखना चाहिए कि पढ़ाई से हमारे जीवन पर क्या असर हुआ है। न कि ये कि हमारे मार्क्स कितने आए हैं।
- स्किल या मार्क्स में से एक के पीछे न भागोएक स्टूडेंट ने पीएम से सवाल किया कि स्किल जरूरी है या मार्क्स पीएम मोदी ने कहा कि इस सवाल का कोई सही जवाब नहीं है। अगर एक तरफ झुकोगे तो गिरोगे ही। जीवन में स्किल की जरूरत तो होगी ही और स्टूडेंट होने के नाते मार्क्स लाने भी जरूरी हैं। सही जवाब है कि दोनों के बीच संतुलन चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएससी निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

#### ग्रेड सेकेंड टीचर भर्ती पेपर लीक में मिली अंतरिम जमानत, अप्रेल 2023 में हुआ था गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ग्रेड सेकेंड टीचर भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में शामिल आरपीएससी के निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई हैं। जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बैंच ने कटारा को अंतरिम जमानत देते हुए राज्य सरकार को मामले में अब तक की जांच और अन्य पहलुओं पर दो सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि अगस्त 2025 में राजस्थान हाईकोर्ट ने बाबूलाल कटारा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद कटारा ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की थी। हालांकि जमानत मिलने के बाद भी फिलहाल कटारा को जेल में ही रहना पड़ेगा, क्योंकि वह एसआई भर्ती-2021 पेपरलीक और ईडी मामले में भी गिरफ्तार हैं।

**अनिश्चितकाल तक जेल में नही रख सकते**-याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक जैन ने बहस करते हुए कहा कि गिरफ्तारी के समय कटारा से कोई भी आपत्तिजनक बरामदगी नहीं हुई। उन्होंने कहा किसी भी आरोपी को अनिश्चितकाल तक जेल में नहीं रखा जा सकता हैं।

जांच एजेंसी ने केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोप लगाए हैं और उनसे कोई बरामदगी नहीं हुई है।

### जयपुर-अजमेर हाईवे पर केमिकल से भरे टैंकर में भीषण आग

#### पुलिस खुद फायर फाइटर बनी, 30 हजार लीटर केमिकल भरा था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर केमिकल से भरे टैंकर में भीषण आग लग गई। इससे टैंकर का निचला हिस्सा जल गया। हादसा सोमवार सुबह करीब 4:45 बजे हाईवे पर रामचन्द्रपुरा पुलिया पर हुआ। पुलिस के अनुसार, मिथाइल केमिकल से भरा टैंकर अजमेर से जयपुर की ओर जा रहा था। रामचन्द्रपुरा पुलिया पर चढ़ते ही टायर के पास निकली चिंगारियों से केमिकल टैंकर के निचले हिस्से में आग लग गई। चलते टैंकर में आग लगी देखकर राहगीरों में दहशत फैल गई। ड्राइवर को बताने पर उसने तुरंत टैंकर को खड़ा कर दिया और जान बचाने के लिए नीचे उतर गया। वहां आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। भांकरोटा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। इससे जयपुर-अजमेर हाईवे पर दिसंबर 2024 में हुआ भांकरोटा अग्निकांड जैसा बड़ा हादसा होने से टल गया।

### रोडवेज बस के कुचलने से 3 महिलाओं की मौत

#### स्कूटी समेत घसीटते हुए ले गई; प्रेग्नेंट महिला का अल्ट्रासांउड करवाने जा रही थीं

बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में रोडवेज बस ने स्कूटी से जा रही तीन महिलाओं को कुचल दिया। हादसे में तीनों महिलाओं की मौत हो गई। इनमें एक महिला 6 महीने की गर्भवती थी। दो उसके साथ में उसका अल्ट्रासउंड कराने जा रही थीं। टक्कर लगते ही तीनों स्कूटी समेत बस के नीचे चली गईं। तेज रफ्तार बस तीनों को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। ई-स्कूटी चकनाचूर हो गई। दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गर्भवती महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना रायसिंहनगर में केवी स्कूल के पास दोपहर करीब 3 बजे हुई। मृतक महिलाओं की पहचान सुमन (28), पिंकी (23) और रेशमा (29) के रूप में हुई है। तीनों महिलाएं एक ही परिवार की बताई जा रही हैं।

**भारत माला रोड पर चढ़ते ही बस ने मारी टक्कर**-रायसिंहनगर थाना प्रभारी महावीर प्रसाद ने बताया- रेशमा 6 महीने की प्रेग्नेंट थी। वह अपने परिवार की सुमन और पिंकी के साथ ई-स्कूटी से रायसिंहनगर अल्ट्रासाउंड करवाने जा रही थी। जैसे ही उन्होंने भारत माला रोड पर स्कूटी को मोड़ा तभी रायसिंहनगर से बीकानेर जा रही रोडवेज बस ने सामने से स्कूटी को टक्कर मार दी। बस की स्पीड इतनी तेज थी कि तीनों महिलाएं बस के नीचे आ गईं और बस तीनों को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई । घटना के बाद सवारियों में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने 42 एनपी टोल से एम्बुलेंस बुलाई।

### आईसीसी ने पाकिस्तान की तीनों शर्तें खारिज कीं

#### फाइनल अल्टीमेटम दिया, पीसीबी ने यू-टर्न लिया; भारत से वर्ल्ड कप मुकाबला खेलेगा, 15 को मुकाबला



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत से मैच ना खेलने पर अड़े पाकिस्तान की तीनों मांगे खारिज कर दी हैं। आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ हुई मीटिंग के बाद उसे फाइनल अल्टीमेटम दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब पीसीबी यू-टर्न लेगा और उनकी टीम 15 फरवरी को कोलंबो में भारत का सामना भी करेगी। पाकिस्तान ने भारत से प्रस्तावित मैच के बॉयकॉट का ऐलान किया था। इसी सिलसिले में आईसीसी के दो प्रतिनिधि इमरान ख्वाजा और मुबाशिर उस्मानी रविवार सुबह लाहौर पहुंचे, जहां उन्होंने पीसीबी अधिकारियों के साथ चर्चा की। मौजूद सूत्रों ने बताया कि सभी मसले सुलझा लिए जाएंगे। श्रीलंका बोर्ड मैच की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है और मुकाबला तय शेड्यूल पर ही खेला जाएगा।

#### पाकिस्तानी पीएम को लेना है अंतिम फैसला

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में हुई बैठक में पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी, आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम शामिल रहे। यह बैठक करीब पांच घंटे तक चली। बैठक के बाद अब अंतिम फैसला पाकिस्तान सरकार के स्तर पर होना है। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी पूरे मामले की जानकारी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को देंगे, जिसके बाद बोर्ड अगले 24 घंटे में अपना फैसला सुना सकता है।

## राहुल बोले- स्पीकर ने कमिट किया, क्या आप बोलने देंगे

### रिजिजू बोले-कोई कमिटमेंट नहीं, लोकसभा स्थगित; विपक्ष स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है। राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि 1 घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं।

राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। न्यूज एजेंसी द्वहस् ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। यह प्रस्ताव पेश करने के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी होता है। इसके लिए सदन में 14 दिन पहले लिखित नोटिस देना होता है।

#### राहुल बोले- सरकार बहस से डर रही है

राहुल गांधी ने कहा कि नरवणे की किताब के मुद्दे पर सरकार ने उन्हें बार-बार बोलने नहीं दिया और सदन रोक दिया। पहले किताब, फिर मैगज़ीन को कोट करने से रोका गया। रक्षा मंत्री ने गलत कहा कि किताब छपी नहीं है, जबकि वह छप चुकी है। राष्ट्रपति के भाषण पर भी स्थ्क्क और विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। वहीं सत्तापक्ष के एक सदस्य ने कई किताबें कोट कर आपत्तिजनक बातें कहीं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा विपक्ष के सदस्यों को सस्पेंड किया गया। उन्होंने कहा कि यह झूठ फैलाया गया कि विपक्ष प्रधानमंत्री को धमकी दे रहा था। सच यह है कि प्रधानमंत्री सच से डरकर सदन नहीं आए। अगर किसी ने धमकी दी है तो एफआईआर कर गिरफ्तार करें। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार बहस से डर रही है। खासकर बजट, स्र डील और किसानों पर उसके असर पर बात करने से।



#### प्रियंका बोलीं- मोदी की सदन में आने की हिम्मत नहीं

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि स्पीकर पर इतना प्रेशर है कि उन्हें खुद बयान देना पड़ रहा है, जो सही नहीं है। इसका सवाल ही नहीं उठता कि कोई मोदी जी पर हाथ उठाए। सदन में कांग्रेस की 11 महिला सांसद हैं, जिनमें से मैं भी एक हूं। सभी महिला सांसद सीरियस पॉलिटिशियंस हैं। स्पीकर ने उनका अपमान किया है। स्पीकर पर सरकार ने ऐसा कहने का प्रेशर डाला है। नरेंद्र मोदी की हिम्मत नहीं हुई सदन में आने की, इसलिए स्पीकर से सफाई दिलवा रहे हैं।

#### किरेन रिजिजू ने कहा- मैं स्पीकर के केबिन में मौजूद था, स्पीकर पर आरोप लगाने की बात नहीं हुई

केरिन रिजिजू ने कहा कि मैं स्पीकर के केबिन मैं मौजूद था। हमारी वहां बात हुई थी कि स्पीकर पर आरोप लगाएंगे तो स्पीकर भी जवाब देंगे। दोनों पक्षों में संसद चलने को लेकर बात हुई थी। ये तय नहीं हुआ था कि केवल किसी मुद्दे पर चर्चा होगी।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे

### बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ते बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि यह बात सभी राज्यों के लिए है। जरूरत पड़ने पर आदेश जारी किए जाएंगे। साथ ही कोर्ट ने बंगाल एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की तारीख 14 फरवरी से बढ़ाकर 21 फरवरी कर दी है।

वहीं चुनाव आयोग ने कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ बदमाशों ने बंगाल में एसआईआर से जुड़े नोटिस जला दिए और अब तक इस मामले में कोई एफआईआर नहीं हुई।

कोर्ट ने बंगाल के ष्ठत्नक्क से जवाब मांगा है। ष्ठत्नक्क से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है।

## 5वीं बोर्ड-परीक्षा में मिनिमम 32 अंक नहीं लाए तो फेल

### सरकार ने अब ऑटो प्रमोशन खत्म किया, दो महीने में फिर मिलेगा एग्जाम का मौका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में 5वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स को अब एग्जाम में मिनिमम मार्क्स लाना जरूरी होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे फेल हो जाएंगे। ऐसा इसलिए क्योकि सरकार ने अब 5वीं बोर्ड परीक्षा में अनिवार्य पास करने के नियम को हटा दिया है।शिक्षा विभाग की तरफ से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के नियमों में संशोधन किया है। इसमें ऑटोमेटिक प्रमोशन व्यवस्था को बंद किया गया है। ये नियम आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा।

#### 32 अंक लाना जरूरी, तभी होंगे पास

नए नियमों के मुताबिक स्टूडेंट्स को अब हर विषय में न्यूनतम 32 अंक (नंबर) लाना होगा। अगर किसी सब्जेक्ट में 32 नंबर से कम आते है तो छात्र को सीधे फेल नहीं करके दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा।

#### 45 दिन बाद दोबारा होगा एग्जाम

जिस अभ्यर्थी के परीक्षा में मिनिमम मार्क्स से कम नंबर आते हैं तो उसे 45 दिन के लिए स्पेशल क्लास देकर पढ़ाया जाएगा। उसके बाद उसकी दोबारा परीक्षा ली जाएगी। ये एक तरह से सप्लीमेंट्री एग्जाम की तरह होगा। दोबारा परीक्षा में अगर अभ्यर्थी उस विषय (जिसमें 32 नंबर से कम आए हो) में अगर 32 नंबर लाता है तो उसे अगली क्लास (क्लास छठीं) में प्रवेश दिया जाएगा। यदि दूसरी बार में भी अभ्यर्थी एग्जाम में निर्धारित मिनिमम मार्क्स नहीं लेकर आता है तो उसे फेल कर दिया जाएगा।

#### स्कूलों की जवाबदेही होगी

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अगर किसी निजी स्कूल में कोई बच्चा 5वीं में फेल होता है तो उसकी जवाबदेही स्कूल प्रशासन की होगी। प्रशासन उससे कारण पूछेगा कि बच्चा क्यों फेल हुआ। इससे स्कूलों की अकाउंटेबिलिटी तय होगी।

# ओडा ग्राम उत्थान शिविर का जिला प्रभारी सचिव ने किया आकस्मिक निरीक्षण

- कृषि-पशुपालन-सहकारिता विभाग के लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ
- केसर पंचायत की पेयजल समस्या पर PHED को दो दिन में समाधान के निर्देश




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रत्येक भू-अभिलेख क्लस्टर मुख्यालय पर आयोजित किए जा रहे ग्राम उत्थान शिविर का जिला प्रभारी सचिव एवं टीएडी व देवस्थान आयुक्त कन्हैयालाल स्वामी (आईएएस) ने ओडा में आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जारी शिविर गाइडलाइन के अनुसार विभागवार किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मंगला पशु बीमा योजना, कृषि विभाग की तारबंदी योजना, बेल जोड़ी से खेती हेतु प्रोत्साहन योजना तथा सहकारिता विभाग द्वारा अल्पकालीन कृषि ऋण के लाभार्थियों को लाभ वितरण किया गया।

### रोडवेज सेवा की उठी मांग

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं महिलाओं ने केलवाड़ा-उदयपुर एवं केलवाड़ा-राजसमंद रोडवेज बस सेवा प्रारंभ करने की मांग रखी।

### पेयजल संकट पर सख्त निर्देश

जनता द्वारा पंचायत के केसर गांव में पेयजल संकट की जानकारी दिए जाने पर जिला प्रभारी सचिव ने क्ष।श्वष्ठ विभाग के सहायक अभियंता को दो दिवस में मौके का निरीक्षण कर तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।

### अन्य मांगों पर अधिकारियों को निर्देश

ग्रामीणों ने सहकारी समिति में किराया योजना के अंतर्गत सभी कृषि यंत्र उपलब्ध कराने, ओडा में ग्राम सेवा सहकारी समिति गोदाम निर्माण, केसर में सिंचाई हेतु पक्के धोरे का निर्माण, दोवास में पशुधन सहायक की नियमित सेवा, नरेगा में नए कार्यों की स्वीकृति सहित अन्य मांगें रखीं, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

विभागीय समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग को आपसी सहमति से अधिक से अधिक बंटवारा प्रकरण तैयार कर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इससे पूर्व उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी की उपस्थिति में सभी विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा विकास अधिकारी मांगीलाल गुजर के मार्गदर्शन में पात्र व्यक्तियों के आवेदन तैयार किए गए।

### ये रहे उपस्थित अधिकारी

शिविर में सहायक विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण कुमावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी लक्ष्मणलाल, राजस्व निरीक्षक दयालाल कुम्हार, कृषि अधिकारी डॉ. गणपत लोहार, सहायक कृषि अधिकारी जसराज रैगर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश पानेरी, पशु चिकित्सक डॉ. नमो नारायण मीणा, सहित विभिन्न ग्राम विकास अधिकारी, प्रशासक एवं विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे। शिविर का संचालन राजेश जोशी, सहायक विकास अधिकारी ने किया।

## वर्षों से बंद विद्यालय पुनः प्रारंभ, ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से लौटी शिक्षा की रौनक

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ कई वर्षों से बंद पड़े राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय समेजा की पूर्व में संचालित प्राथमिक शाखा को पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। विद्यालय के पुनः संचालन से क्षेत्र के बच्चों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यालय के भविष्य को लेकर सकारात्मक भूमिका निभाने का संकल्प लिया। विद्यालय पुनः आरंभ होने के अवसर पर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह आश्वासन दिया कि वे आगे भी विद्यालय की सेवा, संरक्षण एवं संचालन में सहयोग करते रहेंगे, ताकि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो। ग्रामीणों ने विद्यालय को निरंतर चालू रखने के लिए नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, सुरक्षा तथा नामांकन बढ़ाने में सहयोग देने की बात कही। विद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि अब विद्यालय में कक्षाएँ नियमित रूप से नियत समय पर संचालित की जाएँगी तथा शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं अभिभावकों से निरंतर संवाद बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय का पुनः खुलना क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा।

## कुंडलावाली में नशे के खिलाफ सशक्त नाटक मंचन



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत श्रीगंगानगर की ग्राम पंचायत कुंडलावाली में नशे के खिलाफ सशक्त नाटक मंचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी ने नाटक के माध्यम से कलाकार लक्ष्या ज्याणी, सहीराम के साथ नशे की भयावह सच्चाई को मंच पर जीवंत कर दिया। नाटक की शुरुआत एक हँसते-खेलते परिवार से होती है, जहाँ खुशियाँ, सपने और उम्मीदें हैं। लेकिन जैसे ही नशा जीवन में प्रवेश करता है, वह घर धीरे-धीरे बिखरने लगता है। माँ की आँखों के सपने टूटते हैं, पिता का आत्मसम्मान चूर होता है और बच्चों का भविष्य अंधकार में डूबने लगता है।

नाटक में यह संदेश दिया गया कि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों का दुश्मन है। कलाकारों ने संवादों के माध्यम से बताया कि नशा सपनों को मार देता है, रिश्तों को तोड़ देता है और इंसान को खुद से दूर कर देता है। कार्यक्रम के दौरान विक्रम ज्याणी ने कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। माता-पिता, शिक्षक, युवा और समाज के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों से नशे के खिलाफ संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

## चिकित्सा शिविर में 111 बच्चों का इलाज कर दी गई निशुल्क दवाइयां

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्यकेंद्र खोह पर चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन**



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** रेफरल बच्चों के इलाज के लिए कार्यालय खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डीग के तत्वाधान में सोमवार को सामुदायिक चिकित्सालय खोह पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ,जिसमें 111 बच्चों का इलाज किया गया । चिकित्सा शिविर में फिजिशियन डॉ गजेंद्र पाल सिंह दंत रोग चिकित्सक,डॉ विजय राम मीना , अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ राजेंद्र चौधरी , नेत्र रोग सहायक जयप्रकाश शर्मा , आयुष चिकित्सक डॉ सुरेश चंद लवानिया डॉ प्रगीत कुमार मुद्गल द्धारा अंशु कुमारी ,ज्योति उपमन , नीरज जैन के सहयोग से रोगी बालकों का उपचार किया गया।

## द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में राल उड़ाने का भव्य आयोजन, श्रद्धालु हुए भावविभोर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में रविवार को श्रीनाथजी पाटोत्सव के अंतर्गत राल के दर्शन भव्य श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उमड़े और अलौकिक दर्शन का लाभ लिया।प्रातः मंगला दर्शन सुबह साढ़े सात बजे खुले, इसके पश्चात श्रृंगार दर्शन सुबह 8:45 बजे हुए। श्रृंगार में प्रभु के मस्तक पर केसरिया छोटे फुल्ले, केसरिया चाकदार वागा, लाल ठाड़े वस्त्र एवं वनमाला धारण करवाई गई। इस दिन ख्वाल के दर्शन नहीं खोले गए।परंपरा के अनुसार राजभोग दर्शन से पूर्व शंखनाद के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण में श्रीनाथजी को द्वारकाधीश कांकरोली घर पधारने का आमंत्रण किया गया। पूजा-अर्चना के पश्चात राजभोग दर्शन दोपहर पौने 12 बजे खुले। प्रभु के स्वरूप एवं पीठ के श्वेत वस्त्रों पर रंग-बिरंगी गुलाल से खेलाया गया तथा गुलाब जल व अंतर फूलों से जलभर कर श्रद्धालुओं पर पिचकारियों से बौछार की गई।इसके बाद महाराज द्वारा रंग-बिरंगी गुलाल से श्रद्धालुओं पर गुलाल उड़ाई गई।कानतिवारी में बृजवासी युवाओं ने ढपली की थाप पर बृजवासी रसियागान कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिससे प्रभु एवं वैष्णवजन भावविभोर हो उठे।

शयन दर्शन के अवसर पर ठाकुरजी के रत्न चौक में प्रतीकात्मक रूप से राल उड़ाई गई। इसके पश्चात दो मसालची मशालें लेकर गोवर्धन चौक में पहुंचे, जहां मुखिया एवं सहायक मुखिया ने मशालों पर राल डालकर राल उड़ाई। शयन दर्शन में बाल गोपाल ने ठाकुरजी के समक्ष नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं श्रद्धालुओं पर पुनः रंग-बिरंगी गुलाल की बौछार की गई।

पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर जयकारों, भजनों और रसियागान से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने इस अद्भुत धार्मिक आयोजन को आस्था और आनंद के साथ अनुभव किया।

## प्रागपुरा ग्राम उत्थान शिविर बना औपचारिकता

**सूचना अभाव और अधिकारियों की अनुपस्थिति से लौटे लाभार्थी**



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रत्येक गिरदावर सर्किल में आयोजित किए जा रहे ग्राम उत्थान शिविरों का उद्देश्य किसानों और ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं गांव के नजदीक उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में सोमवार, 9 फरवरी को पावटा उपखंड के गिरदावर सर्किल प्रागपुरा में ग्रामीण उत्थान शिविर आयोजित किया गया, लेकिन यह शिविर व्यवस्थाओं और सूचना अभाव के चलते औपचारिकता बनकर रह गया। ग्रामीणों का कहना रहा कि शिविर की पूर्व सूचना गांवों तक नहीं पहुंचाई गई, जिसके कारण वास्तविक लाभार्थी मौके पर नहीं पहुंच सके। जो कुछ लोग जानकारी मिलने पर पहुंचे भी, वे स्वयं से सम्बन्धित अधिकारियों की अनुपस्थिति देखकर निराश लौटते नजर आए। शिविर स्थल पर न तो उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा और न ही तहसीलदार लोकेन्द्र कुमार मीणा की उपस्थिति दिखी। मौके पर मौजूद कर्मचारी भी दिनभर निष्क्रिय बैठे दिखाई दिए। शिविर स्थल पर छाया, पेयजल या बैठने जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं भी नहीं थीं। कई ग्रामीण यह पूछते नजर आए कि आखिर यह शिविर किस उद्देश्य से लगाया गया है, लेकिन स्पष्ट जानकारी न मिलने से भ्रम की स्थिति बनी रही। ग्राम उत्थान शिविरों का मूल उद्देश्य राजस्व, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, पट्टा, नामांतरण, प्रमाण पत्र, बीमा, बैंकिंग, जल संसाधन, पशुपालन और अन्य विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना होता है, ताकि ग्रामीणों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। लेकिन प्रागपुरा में आयोजित यह शिविर इन उद्देश्यों पर खरा उतरता नजर नहीं आया। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसे शिविरों की पूर्व सूचना ग्राम स्तर तक प्रभावी ढंग से दी जाए, जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद रहें और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि इन शिविरों का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंच सके।

## महरौली में पेयजल संकट पर महिलाओं का उग्र प्रदर्शन, कलेक्टर को ज्ञापन, टंकी पर चढ़ने की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**रींगस ( नि.स. )।** महरौली गांव में सोमवार को पेयजल संकट से परेशान वार्ड संख्या 2 के बुनकर मोहल्ले की महिलाओं ने महरौली गांव के जलदाय विभाग के पंप हाउस पर जलदाय विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वार्डपंच अनीता पवार के नेतृत्व में महिलाएं पानी की टंकी तक पहुंचीं गई और वहां लगे ताले हटाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे प्रदर्शन किया ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर सीकर को ज्ञापन भेजा। ग्रामीणों की शिकायत पर जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता अंकुर कुमार एवं ग्राम पंचायत महरौली के प्रशासक प्रतिनिधि सुरेश झाझड़िया मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने महिलाओं से बातचीत कर दो दिन में जलापूर्ति सुचारू करने का आश्वासन दिया। वहीं तब तक ग्राम पंचायत की ओर से टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराने की बात कही गई, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे टंकी पर चढ़कर उग्र आंदोलन करेंगी। इस मौके पर वार्डपंच शंकर सिंह फौजी, पूर्व उपसरपंच राजू फौजी, मनोज झाझड़िया सहित मंजू देवी खटीक, ममता खटीक, कांता देवी, तारा देवी,



विमला, सुनीता, लक्ष्मी, सीमा, कोमल, गुंजन, भूरी, शकुंतला देवी, पूनम अनेक लोग उपस्थित थे जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता अंकुर कुमार ने बताया कि नदी क्षेत्र में लगे चार नलकूपों पर विद्युत आपूर्ति बाधित होने से टंकी नहीं भर पा रही है। सड़क निर्माण कार्य के कारण बिजली लाइन में समस्या आई है, जिसे शीघ्र दुरुस्त कर जलापूर्ति बहाल की जाएगी।

## स्कूल में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

**केवाईसी और सुरक्षित बैंकिंग पर विद्यार्थियों को दी जानकारी**

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** ग्राम पंचायत भैसलाना स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आरोह फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बैंकिंग सुरक्षा, केवाईसी प्रक्रिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। फाइनेंशियल काउंसलर अमित यादव ने छात्र-छात्राओं को केवाईसी, साइबर फ्रॉड से बचाव, बैंकिंग अनुशासन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना तथा प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना



के बारे में सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी से 13 फरवरी तक चलने वाले इस सप्ताह का मुख्य विषय केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम है। कार्यक्रम में केवाईसी की मूल जानकारी, सेंट्रल केवाईसी रजिस्ट्री तथा खाता संचालन में सावधानियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान बैंक कर्मियों ने भी विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरसी राम गुर्जर, फाइनेंशियल काउंसलर अमित यादव, एयू बैंक से सुबेसिंह, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण से व्यावहारिक और नवीनतम तकनीक की जानकारी मिलती है**

## तीन दिवसीय गणित विज्ञान प्रशिक्षण का समापन

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** नई धान मंडी व्यापार मंडल में आयोजित तीन दिवसीय एस टीइएम (विज्ञान,टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग,मैथमेटिक्स) प्रशिक्षण का समापन किया गया भूपेंद्र शाह, एसीबीइओ ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रशिक्षण में विज्ञान और गणित के शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों और उपकरणों से परिचित कराया गया, जिससे वे अपने छात्रों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकें ।

इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, जिससे वे अपने शिक्षण कौशल को सुधार सकें और छात्रों को नवीनतम ज्ञान प्रदान कर सकें। शिविर प्रभारी प्राचार्य गुरप्रीत सिंह ने प्रौद्योगिकी के नवीन एप्स , तकनीकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और विभिन्न प्रकार के टूल्स जो विज्ञान एवं गणित को रोचक और सरल बना सकते हैं



की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। तृतीय अंतिम दिवस का शुभारंभ प्रार्थना सत्र के साथ किया गया। प्रीति मित्तल, दिव्या शर्मा, दीपिका खत्री ने प्रार्थना व प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में जोंटी ग्रोवर,अवतार सिंह व अमनदीप सिंह मास्टर टेनर ने गणित किट की सामग्री की व उनके शिक्षण में उपयोग की जानकारी दी। डॉ वेद प्रकाश व राजेंद्र कुमार ने अपवर्तन व परावर्तन के नियमों का प्रायोगिक सत्यापन सिखाया गया।

कन्हैयालाल जगवानी, गुरविंदर सिंह, पायल शर्मा ने विज्ञान की विभिन्न योजनाओ इंस्पायर अवार्ड ,राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, श्रेष्ठता योजना, विज्ञान ज्योति कार्यक्रम एवं विज्ञान मेला इत्यादि कार्यक्रमों की जानकारी दी शिविर प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कौर ने अपने अनुभव सांझा किये और कहा कि हम किस प्रकार कम संसाधनों में भी बच्चों को विज्ञान व गणित का अध्यापन सरल तरीके से करवा सकते हैं। प्राचार्य सिमरनजीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण अध्यापकों में नई ऊर्जा ,स्फूर्ति का संचार करते हैं। वे अपने विद्यालय में एक्टिव रहते हैं बल्कि पूरे मनोयोग से व नई तकनीक का प्रयोग करते हुए अपने आप को अपडेट करते हैं। ज्ञात रहे की नई धान मंडी व्यापार मंडल में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है ।

## प्रताप बस्ती में 17 फरवरी को होगा 'विराट हिन्दू सम्मेलन', तैयारियों को लेकर हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे लक्ष्मी नगर स्थित राम मंदिर में रविवार को 'विराट हिन्द सम्मेलन' की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रताप बस्ती के निरंजन दास जी महाराज, राम बच्चन दास जी महाराज एवं विजय कुमार शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुई। सम्मेलन समिति के अध्यक्ष विजय शास्त्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन शक्ति वह शक्ति है जो वसुधैव कुटुंबकम के विचार पर आधारित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्र की एकता, सामाजिक समरसता और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विराट हिन्द सम्मेलन आगामी 17 फरवरी 2026, मंगलवार को प्रताप बस्ती में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की चर्चा की गई और उपस्थित कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक के दौरान रामविलास सिंघल, राजेन्द्र सैनी (पार्षद) महेंद्र कुमार सैनी (चेयरमैन), नेमी चंद (हिन्द कोष अध्यक्ष) अरुण कुमार सैनी (शहर मंडल अध्यक्ष), रोहिताश सैनी (ब्लॉक नगर अध्यक्ष) नरेश मेहरा, नेतराम जी, संतराम कश्यप, धर्म चंद, वीरेंद्र सैनी, कृष्ण करोडिया, रतन भईया, मुकेश कुमार भारद्वाज, महेश सैनी,सुनील चौधरी, अशोक सैनी, बालकृष्ण,शशि मित्तल, ख्यालीराम सैन,केशव सैनी, हेमंत, मनोज सैनी (पूर्व पार्षद) सहित पत्रकार महेश एवं बिल्लू राम सैनी मौजूद रहे।

## रेखा यादव का जिला उपाध्यक्ष बनने पर कोटपूतली में जोरदार स्वागत अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कांग्रेस संगठन में नवनियुक्त महिला जिला उपाध्यक्ष रेखा यादव का प्रथम बार कोटपूतली पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्र में उनके पहले आगमन पर स्थानीय नागरिकों ने पुष्पहार पहनाकर और नारेबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर सैनी समाज के नेताओं सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रेखा यादव की नियुक्ति से न केवल कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी भी सशक्त होगी।संतोष सैनीजिलाउपाध्यक्ष,सैनीसमाज)पूजा सैनी,पिकी,बिल्लूराम सैनी सुगन सैनी, सुभाष यादव, सुभाष जमालपुरिया जनहित के लिए प्रतिबद्धता स्वागत से अभिभूत होकर रेखा यादव ने कांग्रेस आलाकमान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करूंगी। मेरा मुख्य लक्ष्य जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना और संगठन की रीति-नीति को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।'इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता, समाज के प्रबुद्ध जन और मातृशक्ति मौजूद रही।

## एडीएम ने ग्राम उत्थान शिविर का किया निरीक्षण, योजनाओं के प्रचार प्रसार के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रकाश सहारण ने सोमवार को नगर परिषद कोटपुतली में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम उत्थान शिविरों का उद्देश्य ग्रामजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आए किसानों एवं ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें जागरूक किया जाए। उन्होंने मौके पर लाभार्थियों को लाभ वितरण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का मौके पर निस्तारण संभव नहीं है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित कर संबंधित आवेदक को सूचित किया जाए। साथ ही मौके पर लाभार्थी को चैक वितरण किया एवं आमजन से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। इस अवसर पर विभाग स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामजन उपस्थित रहे।

## घोड़ी पर सजी बेटी की बिंदोरी, समाज को दिया सशक्त संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** नगर परिषद क्षेत्र में माली समाज की वर्षों पुरानी परंपरा का सुंदर निर्वाहन देखने को मिला। कस्बे की भूरा बोदन की ढाणी निवासी अनिल कुमार सैनी ने अपनी पुत्री पूनम की शादी से पूर्व उसे घोड़ी पर बैठाकर भव्य बिंदोरी निकाली। इस बिंदोरी के माध्यम से समाज में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का प्रभावशाली संदेश दिया गया। इस अवसर पर परिवार के सदस्य, समाज के लोग और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और महिला सशक्तिकरण की एक नई मिसाल पेश की है।

## ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीटः एसआई प्राची गुर्जर ने हैंडबॉल में जीता कांस्य पदक, कमिश्नर ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (नि.स.)।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित द्वितीय ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2025-26 में जोधपुर पुलिस की उपनिरीक्षक श्रीमती प्राची गुर्जर ने हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर राजस्थान पुलिस का नाम रोशन किया है। कमिश्नर ने दी बधाई: जोधपुर आगमन पर पुलिस आयुक्त श्री ओम प्रकाश ने प्राची गुर्जर को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का स्वर्ण जयंती समारोह

# संस्थान की 50 वर्षों की यह यात्रा सेवा, अनुसंधान और जनस्वास्थ्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर के अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित मुख्य स्वर्ण जयंती समारोह में आयुर्वेद का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुचाने का संकल्प लिया गया। एनआईए की ओर से स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयुर्वेद को अधिक मजबूत करने वाली कई नवाचारों का शुभारम्भ किया गया।इनमें औषधीय पौधों के संरक्षण एवं अनुसंधान हेतु धन्वंतरि उपवन, अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर ब्लॉक, एडवांस्ड सिमुलेशन लैब,पॉडकास्ट स्टूडियो तथा नवीन ओपीडी भवन 'सुश्रुत भवन' शामिल हैं, जिससे मरीजों की सुविधाओं और चिकित्सकीय प्रशिक्षण को नई मजबूती मिलेगी।



संस्थान की स्वर्ण जयंती के मुख्य कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव, उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री राजस्थान प्रेमचंद बैरवा, हवामहल विधायक बालमुकंदाचार्य, आयुष सचिव,भारत सरकार वैद्य राजेश कोटेचा, एनसीआईएसएम चैयरमैन मनीषा कोटेकर,राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफसर संजीव शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान भारत की प्राचीन चिकित्सा परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के बीच एक सजीव सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि 50 वर्षों की यह यात्रा केवल समय की उपलब्धि नहीं, बल्कि सेवा, अनुसंधान और जनस्वास्थ्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिये किये जा रहे कार्यो की सराहना की और कहा कि संस्थान के विस्तार के लिये भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की 50 वर्षों की यात्रा आयुर्वेदाचार्यों, चिकित्सकों और शोधकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष पद्धतियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली में सशक्त रूप से स्थापित किया गया है। उपमुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि एनआईए का स्वर्ण जयंती समारोह राजस्थान और देश दोनों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि 1976 में एक आयुर्वेद कॉलेज से शुरू होकर आज यह संस्थान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुका है। राज्य सरकार एनआईए को विश्वस्तरीय आयुर्वेद केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हवामहल विधायक बालमुकंदाचार्य ने संस्थान द्वारा किये जा आमजन के लिये स्वास्थ्य कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आयुर्वेद को जन—जन तक पहुचाने के लिये प्रयास किये जा रहे है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफसर संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के विस्तार हेतु जयपुर में भूमि उपलब्ध करवाने का आग्रह राजस्थान सरकार से करने के लिये माननीय आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रतापराव जाधव का आभार जताया।

## रामस्नेही संप्रदाय के स्वामी श्री राम दयाल जी महाराज के सान्निध्य में दो भोजनालय एवं सुलभ शौचालय का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री श्री 1008 अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पूज्य स्वामी श्री राम दयाल जी महाराज के पावन सान्निध्य में विजय वर्गीय राजसेवक परिषद के संगम भवन परिसर में नवनिर्मित दो भोजनालय एवं सुलभ शौचालय का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष शिवकुमार बुटेरी द्वारा पूज्य स्वामी श्री रामदेव जी महाराज के कर-कमलों से इन जनोपयोगी सुविधाओं का विधिवत लोकार्पण कराया गया। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे। समारोह के दौरान धार्मिक वातावरण एवं श्रद्धा का विशेष भाव देखने को मिला। लोकार्पित सुविधाएं समाजजनों एवं आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्मित की गई हैं, जिससे



भविष्य में आगंतुकों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूज्य स्वामी श्री राम दयाल जी महाराज ने समाज द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना की तथा मंच से उपस्थित सभी लोगों को आशीर्वचन देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवा, सहयोग और स्वच्छता समाज की प्रगति के महत्वपूर्ण आधार हैं, और ऐसे निर्माण कार्य जनकल्याण की दिशा



में सराहनीय पहल हैं। समारोह में उपस्थित समाजबंधुओं ने भी परिषद की इस पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा एवं विकास कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## संत निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर में 105 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** संत निरकारी मिशन के जोन 20 बी जयपुर की शाखा हाथोज, ठिकरिया, दूदू और सांभर के सहयोग से ब्रांच हाथोज जयपुर में संयोजक स्तर का रक्तदान शिविर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सहयोग से सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन कर्नल जगदीश चौधरी, बी एस रावत, एडवोकेट प्रहलाद सिंह अधिकारी एवं जोनल इंचार्ज सुनील बाली की उपस्थिति में हुआ। कर्नल चौधरी ने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि एक रक्तदान से तीन जनों की जान बचाई जा सकती है। निरंकारी भक्तजन बढ़चढ़ का रक्तदान में भाग लेते है महिला पुरुष बराबर की संख्या में रक्तदान कर एक सुंदर संदेश आमजन को देते है कि रक्तदान महान कार्य है। डॉ जैन ने कहा कि युवाओं को साल में दो तीन बार रक्तदान करना चाहिए जिससे कि अनेक प्रकार की शारीरिक बीमारियां भी कम की जा सकती है। रक्तदान एक ऐसा पुण्य का कार्य है जो न केवल जरूरतबंद की आवश्यकता को पूरी करता है बल्कि खुद को भी अच्छे कार्यों का सहयोगी बनाता है। संयोजक भूपराम शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 125 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और 105 रक्तदाता रक्तदान करने में सफल रहे। शिविर में रक्त एसएमएस ब्लड बैंक एवं अग्रसेन ब्लड बैंक के सहयोग से एकत्र किया गया। शर्मा ने कहा कि जो भी भक्त सदगुरु से आध्यात्मिक ज्ञान लेकर सत्संग, सेवा, सिमरन करते हुए इस प्रकार के सामाजिक कल्याण के कार्यों में जीवन जीते है उनके जीवन में कभी कोई कमी नहीं रहती है। उनका हर दिन भक्ति भरा होता है।

## जंगली बैंगन : डॉ लियाक़त अली मंसूरी





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जंगली बैंगन, जिसे वैज्ञानिक रूप से सोलनम टॉर्वम के नाम से जाना जाता है, यह एक कांटेदार और बहुउपयोगी पौधा है। यह आमतौर पर सडक़ के किनारे मिल जाता है

पहचान—इस पौधे में बैंगन जैसे ही बैंगनी या सफेद फूल आते हैं और तने पर ढेर सारे कांटे होते हैं । इसके फल आकार में बहुत छोटे (3 सेमी से कम) और गुच्छों में लगते हैं। इसकी जड़ें बहुत मजबूत और रोग-प्रतिरोधी होती हैं। इसलिए किसान इसका उपयोग टमाटर, मिर्च और हाइब्रिड बैंगन की ग्राफ्टिंग के लिए 'रूटस्टॉक' के रूप में करते हैं ताकि फसल को मिट्टी के रोगों (जैसे विल्ट) से बचाया जा सके।

### यूनानी चिकित्सा में उपयोगी

**यूनानी चिकित्सा और पारंपरिक चिकित्सा में इसका बहुत महत्व है—**

1. पाचन—यह भूख बढ़ाने और पेट की समस्याओं में सहायक है।
2. खांसी और अस्थमा—इसके सूखे फलों का उपयोग खांसी के इलाज में किया जाता है।
3. डायबिटीज और बीपी—यह रक्तचाप और मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।
4. पोषण—इसके फलों में विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और आयरन (लोहा) प्रचुर मात्रा में होता है, जो एनीमिया (खून की कमी) को दूर करने में मददगार है।

डॉ लियाक़त अली मंसूरी

**(यूनानी चिकित्सक एवं हिज़ामा थैरेपी स्पेशलिस्ट )**

**सवाई मानसिंह अस्पताल,**

**जयपुर (राज.)**

## श्रद्धालुओं के जयकारों से गुंजायमान हुआ कोटपूतली; फाल्गुन मेले में लगेगा सेवा कैंप

### श्री श्याम निशान शोभा यात्रा का भव्य आयोजन संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जय बंशी वाले भक्ति से सेवा शक्ति परिवार द्वारा रविवार, 08 फरवरी को श्री श्याम निशान शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और भक्ति का माहौल देखा गया। समिति अध्यक्ष दिलीप बाबा ने जानकारी दी कि यात्रा प्रातः 10 बजे हरिहर आश्रम से विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुई। निशान हाथों में थामे श्रद्धालु बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। यात्रा का समापन मोरिजावाला धर्मशाला में हुआ, जहाँ उपस्थित श्रद्धालुओं को संतों का पावन सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में विशाल प्रसादी (भंडारा)



का भी आयोजन किया गया। समिति द्वारा आगामी फाल्गुन मेले को लेकर भी महत्वपूर्ण घोषणा की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु तिथिः 20 से 28 फरवरी तक स्थानः चौमू पुरोहितान, खाटू-रिंगस रोड।सुविधाएँः कैंप में पदयात्रियों के लिए निःशुल्क भंडारा और चिकित्सा सेवा चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।इस भव्य आयोजन में मंडल संरक्षक अमर सिंह सैनी,अध्यक्ष बंशीलाल सैनी, व्यवस्थापक सुनील मित्तल, सुशील मित्तल, कैलाश तंवर, रामप्रताप सैनी,दीपक गुप्ता, डॉ. प्रवीण सिरोहा, सोहनलाल सैनी, डॉ. मीनाक्षी चौधरी, शिव बंसल, केदार बंसल, महेंद्र सैनी, ओमप्रकाश सैनी,पत्रकार धर्मवीर कुमावत,बिल्लूराम सैनी, हेमंत गुप्ता, मनीष सैनी, अनिल भगत, सुनील कटारिया, लख्मीचंद कटारिया, रघुवीर सैनी और सुगन सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्याम भक्त मौजूद रहे।

# एनआईए जयपुर की स्वर्ण जयंती समारोह संपन्न, भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने किया आयुर्वेदिक नवाचारों का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,जयपुर की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह सोमवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार प्रतापराव जाधव ने शिरकत की और संस्थान की कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एवं नवाचार योजनाओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्य के वरिष्ठ




अधिकारी, चिकित्सा विशेषज्ञ, आयुर्वेदाचार्य, शोधकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान संस्थान द्वारा आमजन के स्वास्थ्य हित में किए जा रहे आधुनिक आयुर्वेदिक नवाचारों को जनसमर्पित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन एवं प्रभावशाली चिकित्सा पद्धति है, जिसे आधुनिक अनुसंधान और तकनीक से जोडक़र जनहित में और अधिक मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के योगदान की सराहना करते हुए इसे राजस्थान के लिए गौरव का विषय बताया। वहीं केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि केंद्र सरकार आयुष क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है और आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने एनआईए जयपुर की भूमिका को सराहनीय बताते हुए इसे देश के अग्रणी आयुर्वेद संस्थानों में शामिल बताया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जोरावर सिंह गेट, जयपुर परिसर में किया गया, जहां सुबह 9.30 बजे से समारोह की शुरुआत हुई। पूरे आयोजन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, अतिथि सम्मान एवं संस्थान की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली झांकियों ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। स्वर्ण जयंती समारोह के सफल आयोजन के साथ ही एनआईए जयपुर ने आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और जनसेवा के अपने 50 वर्षों की यात्रा को नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

## सम्पादकीय

# डील के कई विरोधाभास

अमरीका से कृषि उत्पाद भारत में आएंगे और गेहूं, ज्वार, जौ, बाजरा, ओट्स, चावल, मक्का आदि बाजार में नहीं आएंगे। डेयरी क्षेत्र में भी अमरीका भारत के बाजार में प्रवेश करेगा, लेकिन हमारे किसान, उद्यमी और एमएसएमई सुरक्षित और संरक्षित रहेंगे। ऐसा आश्वासन प्रधानमंत्री मोदी ने भी दिया है। व्यापार समझौते का जो मसविदा, ढांचा सामने आया है, बेशक वह अंतरिम है, लेकिन कई विरोधाभासों वाला है। गेहूं, चावल, मक्का, सोयाबीन, पॉल्ट्री, मीट, केला, स्ट्राबेरी, चेरी, हरा मटर, मूंग, काबुली चना, तेल के बीज, तंबाकू, इथनॉल और डेयरी उत्पादों पर अमरीका हमें कोई छूट और रियायत नहीं देगा। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल दावा कर रहे हैं कि दूध, क्रीम, छाछ, मक्खन, घी, बटर ऑयल, पनीर आदि डेयरी उत्पाद अमरीका से भारत में नहीं आएंगे। मसाले भी नहीं आएंगे, लेकिन समझौते के मसविदे, ढांचे में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि दूध, जीएस गेहूं एवं मक्का, सोयाबीन आदि उत्पाद अमरीका भारत में नहीं भेजेगा। समझौते में कई गंभीर विरोधाभास हैं। अर्थात अमरीका हमारे कृषि और डेयरी क्षेत्रों में भी अपना कारोबार करेगा। क्या भारतीय किसान अमरीकी किसानों की प्रतिस्पद्र्धा में टिक सकेंगे? अमरीकी किसानों की लागत भारतीय किसानों की तुलना में बहुत कम है, क्योंकि उन्हें अरबों की सबसिडी दी जाती है, जबकि भारतीय सबसिडी 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान है। क्या एसबीआई की रपट बिल्कुल सही, सटीक साबित होगी और भारतीय किसानों, पशुपालकों को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ सकता है? बहरहाल मार्च मध्य में जब समझौते का अंतिम मसविदा सार्वजनिक होगा और जिस पर दोनों देशों के प्रतिनिधि हस्ताक्षर करेंगे, तब तक कुछ और संशोधन किए जा सकते हैं, लेकिन मोटे तौर पर व्यापार समझौते की शर्तें तय हो चुकी हैं। लिहाजा सबसे संवेदनशील सवाल यह है कि क्या अमरीका को उन क्षेत्रों में घुसने की अनुमति दे दी गई है, जिन पर भारत सरकार साफ इंकार करती रही है? एक बार अमरीकी उत्पादों का भारत में सैलाब आएगा, तो फिर वह रुकने वाला नहीं है? क्या भारत सरकार अमरीकी कृषि और डेयरी उत्पादों पर इतना टैरिफ लगा सकती है कि वे भारतीय बाजार में, हमारे किसानों के साथ, प्रतिस्पद्र्धा करने में पिछड़ जाएं? समझौते के मसविदे से तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं लगता। बहरहाल अभी तो हमें प्रधानमंत्री मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बयानों और दावों पर भरोसा करना चाहिए। रूस के कच्चे तेल से जुड़ी अमरीका की चेतावनी भी बेहद गंभीर है। सवाल है कि भारत किस देश से, कितना तेल-गैस आदि, खरीदता है, इस संप्रभु निर्णय में अमरीका का दखल क्यों होना चाहिए? राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसा प्रशासनिक आदेश भी जारी कर दिया है कि यदि भारत, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, रूस से तेल खरीदता पाया जाता है, तो उस पर 25 फीसदी पेनल्टी टैरिफ एक बार फिर लगाया जा सकता है। इस बिंदु पर भारतीय वार्ताकार सहमत क्यों हुए? रूस भारत का पुराना और आजमाया हुआ मित्र-देश है। भारत ने जनवरी, 2026 में भी रूस से 251 टन तेल प्रतिदिन खरीदा है। बेशक भारत ने रूसी तेल की खरीद कम की है, लेकिन यह भी गौरतलब तथ्य है कि रूसी तेल खरीदने से भारत को बीते 40 माह में 1.53 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है। तेल का यह कारोबार 'रुपए-रुबेल' में हुआ है। अप्रैल-मई तक का रूसी तेल का हमारा ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप को बखूबी जानकारी होगी। फिर भी उन्होंने टैरिफ थोपने वाला आदेश जारी क्यों किया है? भारत-अमरीका समझौते के संदर्भ में एक गलत और पूर्वाग्रही व्याख्या की जा रही है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 10 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1495 - इंग्लैंड में सर विलियम स्टैनली को मौत के घाट उतार दिया गया।
- 1616 - ब्रिटेन के राजदूत सर थॉमस रो मुग़ल शासक जहांगीर के दरबार अजमेर में आये।
- 1763 - पेरिस संधि के तहत फ्ऱांस ने कनाडा ब्रिटेन को दे दिया।
- पेरिस की संधि से फ्रांसीसी - भारतीय युद्ध की समाप्ति।
- 1811 - रूसी सैनिकों ने बेलग्रेड पर कब्ज़ा किया।
- 1817 - ब्रिटेन, प्रसिया, आस्ट्रिया और रूस ने फ्ऱांस से अपनी फ़ौजें हटाने की घोषणा की।
- 1818 - अंग्रेजों तथा मराठा के बीच तीसरा तथा अंतिम युद्ध रामपुर में लड़ा गया।
- 1828 - दक्षिण अमेरिकी क्रान्तिकारी साइमन बोलिवार कोलंबिया के शासक बने।
- 1846 - अंग्रेजों ने सोबरांव की लड़ाई में सिखों को पराजित किया।
- 1848 - फर्नीनांड प्रथम ने नया संविधान लागू किया।
- 1879 - अमेरिका के कैलिफोर्निया थियेटर में पहली बार रोशनी के लिए बिजली का इस्तेमाल किया गया।
- 1890 - रूसी लेखक बोरिस पेस्टरनाक का जन्म।
- 1904 - जापान तथा रूस ने युद्ध की घोषणा की।
- 1912 - ब्रिटेन के किंग जार्ज पंचम तथा क्वीन मैरी भारत से रवाना।
- 1916 - ब्रिटेन में सैन्य भर्ती शुरू हुआ।
- 1918 - सोवियत नेता लियो ट्रोटस्की ने रूस के प्रथम विश्व युद्ध से हटने की घोषणा की।
- 1921 -
- काशी विद्यापीठ का उद्घाटन गांधी जी ने किया।
- ड्यूक आफ़ कनॉट ने इंडिया गेट की नींव रखी।
- 1929 - जे.आर.डी. टाटा पायलट लाइसेंस पाने वाले पहले भारतीय बने।

## विशेष आलेख

# वर्ष 2025 – कानून व्यवस्था, अपराध नियन्त्रण, जनसुरक्षा एवं जनसेवा का स्वर्णिम अध्याय-जिला चित्तौड़गढ़ पुलिस



संजय खाबिया,चित्तौडग़ढ़

वर्ष 2025 जिला चित्तौडग़ढ़ पुलिस के लिए उपलब्धियों, नवाचारों एवं जनसेवा का ऐतिहासिक वर्ष रहा। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के कुशल, दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व में जिले के समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृताधिकारी, थानाधिकारी एवं पुलिस जवानों ने समर्पण, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ कार्य करते हुए चित्तौडग़ढ़ जिले को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं अपराध नियंत्रित जिला बनाने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

**सुदृढ़ कानून-व्यवस्था एवं अपराधों पर निर्णायक नियंत्रण**

वर्ष 2025 के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर गश्त, नाकाबंदी एवं सघन चेकिंग अभियान चलाए गए। चोरी, नकबजनी, लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, संगठित अपराध, अवैध हथियार एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। लगातार अपराध करने वाले 22 आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। लंबे समय से फरार अपराधियों, 1330 स्थाई वारंटी, 86 भगौड़े(मफरुर), 05 उद्घोषित अपराधी एवं 91 ईनामी बदमाशों की गिरफ्तारी कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। जिले से बाहर अन्य जिले एंव अन्य राज्य के वांछित अपराधियों की गिरफतारी के क्रम में 09 ईनामी अपराधियों एवं 37 अन्य वांछित अपराधियों को डिटेन कर संबंधित को सुपुर्द किये गये। समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान से न्यायालयों में दोषसिद्धि की दर में भी वृद्धि हुई।

**मादक पदार्थों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति-**

चित्तौडग़ढ़ पुलिस ने नशे के कारोबार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए अवैध अफीम, डोडा-चूरा, गांजा, स्मैक सहित विभिन्न मादक पदार्थों की रिकॉर्ड मात्रा में जब्ती की। मादक पदार्थों की तस्करी करते 405 अपराधियों को गिरफ्तार कर 260 वाहनों को जब्त कर कुल 289 प्रकरण दर्ज किये हैं, जिसमे 305.313 किलोग्राम अवैध अफीम, 28780.795 किलोग्राम डोडाचूरा, 1442.051 गांजा, 03 ग्राम स्मेक, 5.218 किलोग्राम एमडीएमए व 276 ग्राम ब्राउन शुगर को जब्त किया गया है। अंतरराज्यीय तस्करी में संलिप्त संगठित गिरोहों को चिन्हित कर उनके नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। दो तस्करों की संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई भी अमल में लाई गई। साथ ही नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु युवाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए गए। वर्ष 2025 मे तस्?करी में जब्?त वाहनों का नीलामी द्वारा निस्तारण किया गया, जिसमें 55 दौपहिया, 140 चौपहिया एवं 21 भारी वाहनों सहित कुल 216 वाहनों की नीलामी हुई, इस नीलामी प्रक्रिया में सरकार को करीब 3 करोड 12 लाख रूपये का राजस्व हुआ।

**गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश -मानवीय पुलिसिंग का उदाहरण-**

जिला चित्तौडग़ढ़ पुलिस ने वर्ष 2025 में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सैकड़ों गुमशुदा महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों को दस्तयाब कर उनके परिवारों से मिलवाया। कई वर्षों से लापता व्यक्तियों की तलाश कर परिवारों के चेहरे पर खुशियाँ लौटाई गईं, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ। जिला पुलिस ने वर्ष 2025 में 1076 महिला व 228 पुरुषों सहित कुल 1305 व्यक्तियों को दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा गया है।

**महिला सुरक्षा : विश्वास, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई-**

महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम एवं महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। महिला हेल्पडेस्क, विशेष पुलिस टीमें एवं त्वरित रिस्पॉन्स के माध्यम से पीडि़त महिलाओं को तुरंत सहायता उपलब्ध कराई गई। स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, गुड टच- बैड टच एवं आत्मरक्षा विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे बालिकाओं एवं महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार हुआ। महिलाओं के अपहरण व व्यपहरण तथा दुष्कर्म के मामलों में गत वर्ष की तुलना में कमी देखी गई हैं।

**बाल संरक्षण एवं भविष्य निर्माण-**

बाल अपराधों की रोकथाम हेतु बाल संरक्षण कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। वर्ष 2025 में 224 गुमशुदा बच्चों की त्वरित तलाश कर उन्हें सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द किया गया। बाल अधिकार, बाल श्रम उन्मूलन एवं साइबर खतरों को लेकर निरंतर जागरूकता अभियान चलाए गए।

**साइबर अपराधों पर सख्त प्रहार-**

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए साइबर क्राइम पर विशेष फोकस किया गया। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया दुरुपयोग एवं डिजिटल फ्रॉड मामलों में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग करने हेतु कार्यशालाएँ, स्कूल कार्यक्रम एवं जागरूकता अभियान चलाए गए। वर्ष 2025 के दौरान साइबर अपराधों के दर्ज प्रकरणों मे अपराधियों द्वारा की गई धोखाधडी के परिणामस्?वरूप 06 प्रकरणों में 74 लाख रूपये से अधिक की राशि को समय रहते बैंक खातों में फ्रिज करवा कर पिडितों को दिलवायें गये।

**सामुदायिक पुलिसिंग एवं पुलिस-जन संवाद-**

पुलिस-जन संबंधों को मजबूत करने हेतु सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल, जनसुनवाई एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित कर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया।

**पुलिस बल का प्रशिक्षण, सम्मान एवं मनोबल-**

आधुनिक अपराधों से निपटने हेतु पुलिसकर्मियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अधिकारियों एवं जवानों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

वर्ष 2025 जिला चित्तौडग़ढ़ पुलिस के लिए कर्तव्य, अनुशासन, सेवा एवं उपलब्धियों का प्रेरणादायक वर्ष रहा। पुलिस अधीक्षक ने जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी चित्तौडग़ढ़ को सुरक्षित, शांत एवं अपराध मुक्त जिला बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# एक राष्ट्र-एक चुनावः चुनावी सुधार की दिशा में एक साहसिक कदम



अमिता शर्मा

*2019 के आम चुनावों में जहाँ लगभग ?60,000 करोड़ का खर्च हुआ था, वहीं 2024 के चुनावों में यह आंकड़ा बढक़र लगभग ?1.35 लाख करोड़ तक पहुँच गया है।*

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में चुनाव केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक महापर्व है। किंतु, जब यह पर्व साल के बारह महीने किसी न किसी राज्य में चलता रहे, तो यह उत्सव शासन के लिए एक चुनौती और अर्थव्यवस्था के लिए बोझ बन जाता है। वर्तमान में देश जिस 'निरंतर चुनावी मोड' में रहता है, उसने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की बहस को पुनः केंद्र में ला दिया है। क्या यह विचार केवल चुनावी प्रबंधन का हिस्सा है, या भारतीय लोकतंत्र की दशा और दिशा बदलने वाला एक क्रांतिकारी कदम?

**इतिहास की सीख और वर्तमान की विसंगति :** यह विडंबना ही है कि जिस अवधारणा को आज हम 'नया' और 'जटिल' मान रहे हैं, वह 1952 से 1967 तक भारत की सहज वास्तविकता थी। तब लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ ही होते थे। 1968-69 के दौर में आई राजनीतिक अस्थिरता ने इस लय को तोड़ दिया। परिणाम यह हुआ कि आज देश साल भर चुनावी विज्ञापनों, रैलियों और आचार संहिता के शोर में डूबा रहता है।

**विकास बनाम चुनावी राजनीतिः बढ़ता वित्तीय बोझ :** बार-बार होने वाले चुनावों का सबसे बड़ा नुकसान 'नीतिगत निरंतरता' को होता है। वित्तीय दृष्टि से देखें तो यह बोझ अब असहनीय होता जा रहा है। 2019 के आम चुनावों में जहाँ लगभग ?60,000 करोड़ का खर्च हुआ था, वहीं 2024 के चुनावों में यह आंकड़ा बढक़र लगभग ?1.35 लाख करोड़ तक पहुँच गया है। आज 2026 में खड़े होकर यदि हम भविष्य का आकलन करें, तो 2034 के चुनावों तक यह खर्च ?3 लाख करोड़ के भयावह आंकड़े को पार कर सकता है। एकीकृत चुनाव इस 'खर्च के चक्रवात' को रोकने का एकमात्र प्रभावी उपाय नजर आता है।

**सुरक्षा और सामरिक चुनौतियां :** इस अवधारणा का सबसे संवेदनशील पहलू 'राष्ट्रीय सुरक्षा' का है। एक साथ देशव्यापी चुनाव कराने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की अभूतपूर्व तैनाती की आवश्यकता होगी। वर्तमान में चरणबद्ध चुनावों के दौरान बलों को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित करना संभव होता है, लेकिन एक साथ चुनाव की स्थिति में सीमाओं पर तैनात अर्धसैनिक बलों पर दबाव अत्यधिक बढ़ जाएगा। विशेषज्ञों की चिंता यह है कि आंतरिक सुरक्षा के इस विशाल प्रबंधन के दौरान सीमाओं पर सुरक्षा घेरा प्रभावित हो सकता है, जिसका लाभ सीमा पार से सक्रिय तत्व उठा सकते हैं। अतः, चुनावी महापर्व और सीमाओं की अखंडता के बीच संतुलन साधना अनिवार्य होगा।

**विशेषज्ञों की राय- 'एक चरण' का विकल्प :** इस बहस के बीच पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी का दृष्टिकोण एक महत्वपूर्ण व्यावहारिक दिशा की ओर संकेत करता है। उनका तर्क है कि समस्या केवल चुनावों की संख्या नहीं, बल्कि उनके कई चरणों में खिंचने वाली लंबी प्रक्रिया और उनके बीच का बढ़ता अंतराल है। कुरैशी जी के अनुसार, 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के विशाल लक्ष्य से पहले भारत को देश भर में 'एक ही चरण' में चुनाव संपन्न कराने की क्षमता विकसित करनी चाहिए।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### सशक्तिकरण

रविवार की अलसाई सी दोपहर, पायल ने कॉफ़ी कप टेबल पर रखते हुए कहा, मैंने तो साफ़-साफ़ कह दिया एम्डी से, 9 महीने की छुट्टी तो चाहिए ही चाहिए। और...वो मान गया सरिता ने आश्चर्य भरा प्रश्न किया । प्रश्न वाजिब भी था। कार्पोरेट कंपनियों से छुट्टी ले लेना भी अपने आप में एक उपलब्धि ही है और खास कर के जिस पद पर पायल और सरिता काम करती है। साल ख़त्म हो जाता है पर छुट्टियाँ नहीं मिलतीं । अरे देता कैसे नहीं, प्रेगनेंसी लीव मांगी थी, देना तो थी ही उसे। पायल ने ऐंठते हुए कहा । थोड़ी ना-नुकुर तो कर रहा था, पर मैंने बतला दिया कि महिला मोर्चा को लिखित में देने की तैय्यारी है, मातृत्व अवकाश कोई मज़ाक नहीं है। पायल की आँखों में चमक थी। सही बात है, अब हम भला किस से दबने वाले हैं, वो ज़माने गए जब महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया जाता था, ये दौर तो हमारा है। सरिता ने भी समर्थन किया। नारी सशक्तिकरण का ज़माना है, और मातृत्व अवकाश, ये तो अधिकार है हर महिला का । मैंने तो ऊपर तक जाने की तैय्यारी कर रखी थी, एम्.डी की तो खाट खड़ी हो जाती । कहते हुए पायल ने कॉफ़ी का एक घूंट लिया। तभी तेज़ क़दमों से चलती हुई लक्ष्मी घर में दाखिल हुई, पायल ने तुरंत कहा आज बड़ी देर कर दी आने में, चलो पहले झाड़ू कर दो, मैं कपड़े भी निकाल देती हूँ। मेडम जी, मुझे छुट्टी चाहिए, लक्ष्मी ने दबे से सुर में कहा। पायल ने तल्खी से पूछा, क्यों क्या काम है?। मेडम जी आप तो जानती ही हैं, पेट से हूँ, चौथा महीना है, ऐसी हालत में काम नहीं हो पाता । लक्ष्मी ने आशा भरी नजऱों से पायल की तरफ देखा। छुट्टी-वुट्टी कोई नहीं मिलेगी, अब क्या तुझे 6 महीनों की छुट्टी दूँ, और ये काम, काम कैसे होगा? पायल ने लक्ष्मी की उम्मीदों को चूर करते हुए कहा। लक्ष्मी हिम्मत जुटा कर बोली पर मेडम जी.... । पर-वर कुछ नहीं । कल से या तो अपनी लडक़ी को भेजो या सीधे-सीधे आओ काम पर । पायल ने अंतिम निर्णय दे दिया। लक्ष्मी आँखों में आंसू लिए काम पर लग गयी। पायल और सरिता फिर अपनी बातों में खो गए। नारी सशक्तिकरण और महिलाओं के दौर वाली बातें शायद बेमानी ही थीं।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# हाई कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए सुबह क्या खाना चाहिए?



01.मेथी दाना- शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के लिए आप सुबह मेथी दाना का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए आप रात को सोने से पहले एक चम्मच मेथी दाना को एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें। अगले दिन सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। नियमित रूप से इसका सेवन करने से हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

02.लहसुन- शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के लिए सुबह खाली पेट कच्चे लहसुन का सेवन बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इसमें एलिसिन नामक कंपाउंड मौजूद होता है, जो धमनियों में वसा को जमने से रोकता है। नियमित रूप से सुबह खाली पेट 1-2 कच्ची लहसुन की कलियों का सेवन करने से बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिल सकती है।

03.बादाम -अगर आप शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करना चाहते हैं, तो सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, इसमें मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट होते हैं, जो हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, दिल को स्वस्थ रखने में भी फायदेमंद होता है।चिया सीड्स- शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए आप सुबह खाली पेट चिया सीड्स का सेवन कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके मिश्रित रूप से फलदायक रहेगा, लेकिन आपको अत्यधिक काम रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आप अपने कामों को थोड़ा धैर्य रखकर निपटाएं और अपने बॉस की बातों पर पूरा ध्यान दें।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आज आप काम को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे, क्योंकि आप अपने कुछ पेंडिंग कामों को भी पूरा करने की कोशिश करेंगे। संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सोच समझकर सभी काम पूरे होंगे और आपको किसी सम्मान की भी प्राप्ति हो सकती है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से थोड़ा कमजोर रहेगा, इसलिए आप लापरवाही बिल्कुल ना करें और यदि कोई समस्या हो, तो उसे छोटा ना समझें।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। यदि आपने किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी परिवार के सदस्यों से खूब पटेगी। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। आपकी बेफिजूल के खर्च करने की आदत के कारण आपका काफी धन व्यय होगा। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। किसी सदस्य के विवाह को लेकर आप अपने किसी परिजन से बातचीत करेंगे।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको बिजनेस में डूबा हुआ धन मिलने से खुशी होगी, लेकिन परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए वैसे तो बढिय़ा रहने वाला है, लेकिन फिर भी आपको अपनी मेहनत पर भरोसा रखकर चलना होगा और अपने कामों को आप कल पर टालने से बचें, नहीं तो बाद में वह मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

## जनगणना-2027: सटीक आंकड़ों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं प्रभावी निगरानी पर जोर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जनगणना-2027 के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन के क्रम में जिला मुख्यालय पर जिला परिषद सभागार एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कलक्टर काना राम एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के प्रथम चरण—मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना—को त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। कार्मिको को निर्देश दिए गए कि जनगणना कार्य को राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं सटीकता के साथ डेटा संकलन सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि जनगणना के अंतर्गत 1 मई से 15 मई 2026 तक नागरिकों को स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा तथा 16 मई से 14 जून तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए कार्मिकों को चरणबद्ध प्रशिक्षण, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समुचित समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार होते हैं, इसलिए कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही आमजन में जागरूकता बढ़ाने और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनगणना कार्य निदेशालय राजस्थान से एस. एन. कुमावत व अंकित कुमार गुप्ता के द्वारा दिया गया व प्रशिक्षण में उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ डिम्पल गुर्जर एवं जनगणना कार्य से जुड़े कार्मिक उपस्थित रहें।

## तहसीलदार नरेश गुर्जर नगर पालिका प्रशासक नियुक्त, नगर पालिका बोर्ड का कार्यकाल हुआ पूरा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)** स्वायत शासन विभाग राजस्थान जयपुर ने नगर पालिका निवाई का तहसीलदार नरेश गुर्जर को प्रशासक नियुक्त किया है। विभाग के आयुक्त एवं पदेन सचिव रवि जैन ने अधिसूचना जारी कर तहसीलदार नरेश गुर्जर को निर्वाचित बोर्ड का गठन होने तक प्रशासक नियुक्त किया है। इस अवधि में तहसीलदार गुर्जर नगर पालिका की शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्तव्यों व कृत्यों का पालन करेंगे।

## चेक अनादरण मामले में आरोपी को एक वर्ष की सजा व 13 लाख रुपये जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)** अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजली सिंह ने चेक अनादरण के एक मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए एक वर्ष का कारावास एवं 13 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अधिवक्ता नरेंद्र कुमार जाट ने बताया कि परिवादी रामजस निवासी नोहटा द्वारा न्यायालय में एक परिवाद प्रस्तुत किया गया था। अधिवक्ता नरेंद्र कुमार जाट ने बताया कि आरोपी नाथूलाल पुत्र सीताराम जाट निवासी नोहटा ने परिवादी को 8 लाख रुपये के भुगतान के लिए चेक दिया था। लेकिन आरोपी ने जानबूझकर उक्त चेक का भुगतान रुकवा दिया, जिससे चेक अनादरित हो गया। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के अधिवक्ता कौशल किशोर जाट ने चेक खो जाने की दलील दी, लेकिन आरोपी इस संबंध में कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी नाथूलाल जाट को दोषी मानते हुए उसे एक वर्ष की सजा तथा 13 लाख रुपये का जुर्माने से दंडित किया।

## वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं के दल ने रानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय का किया भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)** रानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय में वनस्थली विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग के 15 छात्राओं के सदस्य दल ने महाविद्यालय का भ्रमण किया और सामाजिक विषयों पर चर्चा की। दल का महाविद्यालय प्राचार्य रेणू अग्रवाल के सानिध्य में महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राओ के द्वारा राजस्थानी परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। दल ने छात्राओं से अलग-अलग कई सामाजिक विषयों पर चर्चा की। महाविद्यालय की छात्राओं को शिक्षा, समाज एवं वर्तमान परिद्रश्य के बारे में जानकारियां दी। दल की छात्राओं ने कहा कि छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करना चाहिए। हमारी प्रतिभाएं महाविद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से ही प्रकट की जा सकती है। इस अवसर पर एक सामूहिक परिचर्चा सत्र का भी आयोजन किया गया। जिसमें संस्था सचिव बलराम कृष्ण शर्मा, संस्था प्रचार सचिव मोहम्मद इश्तियाक एवं प्राचार्य डॉ रेनू अग्रवाल के द्वारा छात्राओं से सामूहिक परिचर्चा करते हुए उनसे सुझाव मांगे। साथ ही छात्राओं ने महाविद्यालय में जो सामाजिक सर्वेक्षण किया उनके अनुभव भी उन्होंने साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय उप प्राचार्य दीपेंद्र सिंह, रोहन पारीक, अनीश खान, गोविंद गौतम, अब्दुल गनी, प्रिया चौधरी व कोमल स्वामी सहित कई पदाधिकारी व छात्राएं मौजूद है।

# ग्राम उत्थान शिविर का जिले के प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा ने किया निरीक्षण

### लाभार्थियों ने जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने पर सरकार का आभार व्यक्त किया

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में टोंक जिले की पंचायत समिति निवाई के ग्राम पंचायत ललवाड़ी में सोमवार को आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का जिले के प्रभारी सचिव श्री विश्व मोहन शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल भी मौजूद रही। जिला प्रभारी सचिव ने शिविर में 13 विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल पर जाकर 10 दिवसीय शिविरों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा शिविर के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाएं। शिविर के दौरान सहकारिता विभाग द्वारा 12 किसानों को ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाया गया। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा ग्रामीण नवल कंवर, गिर्राज सिंह, संतोष देवी एवं गोविन्दी देवी को पशुओं की अकाल मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत रजिस्टेऊशन कर बीमा पॉलिसी की प्रति सौपी गई। शिविर में श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को आवास की स्वीकृत राशि के चैक सौंपे। लाभार्थियों ने बताया कि पूर्व में कच्चे मकानों में रहने के कारण विशेषकर वर्षा ऋतु में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जो अब पक्का आवास मिलने से समाप्त हो जाएंगी। साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में कृषि यंत्र, तारबंदी, पाइपलाइन के लिए स्वीकृत राशि के पत्र व मृदा स्वास्थ्य कार्ड सौंपे गए। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण उत्थान शिविर जैसे आयोजन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने इस शिविर के आयोजन के लिए राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का भी धन्यवाद व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार, उपखंड अधिकारी निवाई प्रीती मीना, तहसीलदार नरेश गुर्जर, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विरेन्द्र सिंह सौंलकी समेत शिविर से जुड़े सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

**रसोई घर एवं मिड डे मील की व्यवस्थाओं को जांचा**

जिला प्रभारी सचिव श्री शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रसोई घर का निरीक्षण कर बर्तनों की साफ-सफाई, अनाज की गुणवत्ता को जांचा। इसके बाद स्कूल के बरामदे में भोजन कर रहे विद्यार्थियों से संवाद कर साप्ताहिक पोषाहार मीनू, फल एवं दूध वितरण के बारे में जानकारी ली। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा टोंक प्रदेश का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न





बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** 8 फरवरी 2026 को अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा, टोंक प्रदेश का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रवक्ता विवेक विजयवर्गीय ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि महेश विजयवर्गीय (पूर्व महापौर कोटा एवं राष्ट्रीय महासभा अध्यक्ष) रहे। विशिष्ट अतिथियों में सी.पी. विजयवर्गीय (महासभा अध्यक्ष एवं संरक्षक संयोजक), कन्हैयालाल विजयवर्गीय (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सूरत), राजीव विजयवर्गीय (जिला परिवहन अधिकारी जयपुर),चंद्रवीर चौहान (जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी), रामसहाय वर्मा (विधायक पीपलू-निवाई) सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री कमलेश लावादर ने जानकारी दी कि इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी, युवा समिति एवं महिला समिति का शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ। प्रदेश कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर त्रिलोक विजयवर्गीय (मालपुरा), शिवप्रकाश फूलता, अशोक गांधी (टोंक) सहित कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला एवं युवा समितियों सहित कुल लगभग 80 पदाधिकारियों ने प्रदेश की जिम्मेदारी संभालने की शपथ ली। समारोह में दिल्ली, जयपुर, अजमेर, कोटा, मालपुरा, निवाई, गंगापुर, सवाई माधोपुर, करौली व हिंडौन सहित विभिन्न क्षेत्रों से समाजजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष बलदेव विजयवर्गीय ने किया और समाज की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दिलाया। शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली अजमेर प्रदेश जयपुर प्रदेश कोटा प्रदेश मालपुरा अध्यक्ष राम अवतार कपडी निवाई संयोजक रामदयाल , पूर्व अध्यक्ष राजकुमार विजय, गंगापुर संयोजक कमलेश जी सवाई माधोपुर संयोजक राधेश्याम जी करौली हिंडौन सुरेंद्र जी विजयवर्गीय समाज राम गोपाल सीताराम राजेंद्र कुलदीप हनुमान रामचरण कोटा शंभू दयाल पधारे। पधार हुए सभी अतिथियों का प्रदेश अध्यक्ष बलदेव विजयवर्गीय ने हार्दिक की गहनता के साथ स्वागत किया एवं सभी को समाज की उन्नति के लिए साथ चलने का वादा किया । मुख्य अतिथि महेश विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता और समरसता में निहित होती है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास को समाज की प्रगति का आधार बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष बलदेव विजयवर्गीय ने युवाओं को परिवर्तन की शक्ति बताते हुए नेतृत्व के लिए आगे आने का आह्वान किया। मंच संचालन कुसुम विजयवर्गीय (टोंक) व दिनेश आनंद (मालपुरा) ने किया। अंत में प्रदेश महामंत्री कमलेश विजयवर्गीय ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## सहकारिता बीमा बना संबल: तुलसा देवी को मिला 10 लाख का सुरक्षा कवच



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सोमवार को भारत निर्माण सेवा केन्द्र, चौथ का बरवाड़ा में आयोजित शिविर में सहकारिता विभाग की एक महत्वपूर्ण सफलता सामने आई। शिविर के दौरान राजस्थान सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत बलरिया निवासी तुलसा देवी को 10 लाख रुपये की बीमा क्लेम राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। उनके पति स्वर्गीय रामप्रसाद मीणा ग्राम सेवा सहकारी समिति बालरिया से ऋणग्राही सदस्य थे, जिनके ऋण पर मात्र 298 रुपये का बीमा प्रीमियम जमा किया गया था। दुर्भाग्यवश दुर्घटना में उनकी मृत्यु होने पर योजना के प्रावधानानुसार उनकी नामिनी श्रीमती तुलसा देवी को बीमा राशि स्वीकृत की गई। सवाई माधोपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. के प्रबंध निदेशक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार विजेंद्र कुमार शर्मा की उपस्थिति में तहसीलदार नीरज सिंह, बैंक अधिकारियों एवं सहकारिता विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा चेक प्रदान किया गया। सहायता राशि प्राप्त होने पर तुलसा देवी ने राज्य सरकार एवं सहकारिता विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे कठिन समय में परिवार के लिए बड़ा संबल बताया। शिविर में किसानों एवं पशुपालकों को सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण, गोपाल क्रेडिट योजना, खेत पर आवास एवं स्वयं सहायता समूहों को ऋण सुविधा की जानकारी भी दी गई। साथ ही 50 केसीसी आवेदन प्राप्त किए गए तथा 457 किसानों को सहकारी ऋण योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

## नो दिवसीय सिलाई स्कूल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)** जमात के सामुदायिक भवन में राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं उषा इंटरनेशनल लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान उन्नयन समिति द्वारा 26 गांव में सिलाई स्कूल के संचालन के लिए चयनित सिलाई स्कूल शिक्षिकाओं का 9 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आरकेसीएल एडी. रविंद्र शुक्ला व कंपनी सचिव मधु राठी द्वारा फीता खोलकर किया गया। शिविर में राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड से एडी रविंद्र शुक्ला, मधु राठी, विजेन्द्र, मायाराम, उषा इंटरनेशनल लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहनलाल, महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की सोशल काउंसलर डॉ सुनीता शर्मा, एडवोकेट नीतू विजय, समिति सचिव विजय पाराशर, मोती लाल व जिला कोर्डिनेटर धोली वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। रविंद्र शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षित महिलाएं स्वयं भी उद्यम खोलेगी और अपने गाव की उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण महिलाओं के आजीविका को बढ़ाने के लिए एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त 26 गांवों 26 महिलाएं अपने गांवों में सिलाई स्कूल खोलेंगी और गांव की लड़कियों व महिलाओं को सिलाई सिखा कर अन्य महिलाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान करेगी।

# साइबर सुरक्षा एडवाइजरी: 'डिजिटल अरेस्ट' और कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम से सतर्क रहें

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार ने साइबर सुरक्षा और साइबर स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट और कॉल फ़ॉरवर्डिंग घोटालों की घटनाओं को रोकने के लिए आमजन को जागरूक किया है।

**यह है डिजिटल अरेस्ट घोटाला**

डिजिटल अरेस्ट घोटाले (ठगी) में साइबर अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई प्रवर्तन निदेशालय, नारकोटिक्स विभाग या अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं। वे फोन या वीडियो कॉल के जरिए फर्जी कानूनी मामलों की धमकी देकर पीडितों से पैसे ऐंठते हैं।

**यूं की जाती है ठगी**

ठग आईवीआर कॉल, फोन या वीडियो कॉल के जरिए संपर्क करते हैं और खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी एफबीआई या दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताते हैं। कई बार फर्जी पुलिस स्टेशन, वर्दी और बैकग्राउंड का भी इस्तेमाल किया जाता है। पीडितों पर फेडएक्स/डीएचएल जैसी कूरियर कंपनियों से नशीले पदार्थ, नकली पासपोर्ट या अवैध सिम भेजने, आधार या बैंक खातों के दुरुपयोग, मनी लॉन्ड्रिंग या आतंकवादी फंडिंग जैसे गंभीर आरोप लगाए जाते हैं। कुछ मामलों में परिवार के सदस्य को दुर्घटना या अपराध में फंसाने की बात कही जाती है। पीडितों को इस्काईप या वाट्सप जैसे प्लेटफॉर्म पर लगातार वीडियो कॉल में बने रहने को मजबूर किया जाता है, ताकि वे किसी और से संपर्क न कर सकें। और मामला निपटाने, गिरफ्तारी से बचाने, मीडिया में नाम न आने देने, जुर्माना या सत्यापन शुल्क के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं।

**ये जरूरी बातें याद रखें**

कोई भी कानून प्रवर्तन एजेंसी डिजिटल रूप से गिरफ्तारी नहीं करती। कोई सरकारी अधिकारी फोन या वीडियो कॉल पर पैसे की मांग नहीं करता।

**कॉल फ़ॉरवर्डिंग स्कैम से भी रहें सावधान**

एडवाइजरी में कॉल फ़ॉरवर्डिंग स्कैम को भी गंभीर खतरा बताया गया है। इसमें अपराधी कूरियर या डिलीवरी एजेंट बनकर कॉल करते हैं और पीडित से एक स्स्ष्ठ कोड डायल करवा लेते हैं।

**हारा हूँ बाबा, पर तुझपे भरोसा है, जीतूंगा एक दिन मुझे मेरा ये दिल कहता है**

# श्याम बाबा के पाटोत्सव पर हुई विशाल भजन संध्या, हरमिंदर सिंह रोमी एवं कनिका ग्रोवर ने भजनों का बांधा समा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)** । श्री श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा श्याम के दो दिवसीय द्वादशम पाटोत्सव को लेकर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी व श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि दो दिवसीय पाटोत्सव को लेकर बाबा श्याम का कलकत्ता के फूलों से भव्य दरबार सजाया एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। भजन संध्या में हरमिंदर सिंह रोमी उत्तरप्रदेश एवं कनिका ग्रोवर मध्यप्रदेश सहित प्रकाशदास महाराज, राजू खंडेलवाल, रवि पारीक, महेश खंडवाल, सोमेश शर्मा व मनीष जिंदल सहित कई गायकों ने मेरा सांवरिया आयेगा, झुक गए बड़े बड़े सरदार तेरी मोरछड़ी के आगे, कीर्तन की हे रात बाबा आज थाने आनो हे, हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया, हारा हूँ बाबा, पर तुझपे भरोसा है, जीतूंगा एक दिन मुझे मेरा ये दिल कहता है एवं मैं हु तेरा नौकर तेरी हाजरी रोज लगाता हूँ सहित एक से बढकर एक भजन सुनाकर बाबा श्याम को रिझाया। गायक हरमिंदर सिंह रोमी ने नानी बाई का मायरा सुनाया जिसे सुन भक्त भाव विभोर हो उठे। भजन संध्या में श्याम भक्तों का श्याम सेवा समिति द्वारा स्वागत कियागया। मंदिर प्रांगण को भव्य लाइटिंग से सजाया गया। समिति उपाध्यक्ष राजू खंडेलवाल ने श्याम प्रेमियों का आभार प्रकट किया। भजन संध्या के बाद महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। भजन संध्या में दिलीप इसरानी, रवि अग्रवाल, चेतन पारीक, जगदीश शर्मा, सर्वेश द्विवेदी, सुवालाल मीणा, समिति के मंत्री सत्येंद्र पारीक, राकेश बोहरा, जीतू विजय, विनोद तिवाड़ी, शशि टोडवाल, रामचरण विजय, पुरुषोत्तम शर्मा, रवि पारीक, डॉ शिवराज शर्मा, जगदीश शर्मा, नरोत्तम अग्रवाल, दीनदयाल शर्मा व मुरारी अग्रवाल सहित जयपुर, टोंक, सवाईमाधोपुर, बनस्थली व बोली सहित आस-पास के क्षेत्र के हजारों श्याम भक्त मौजूद थे।

# बहुजन हिताय,बहुजन सुखाय के स्लोगन को करूँगा साकार-सिंह

## एडवोकेट नवल सिंह आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष अनील धेनवाल ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कुल 9पदाधिकारियों की घोषणा की है। प्रदेश कार्यकारिणी में 3 उपाध्यक्ष,3महासचिव व 3सचिव पदों पर नियुक्ति दी गईं है। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर रविन्द्र यादव, धर्मेन्द्र गुर्जर, एडवोकेट नवलसिंह तथा प्रदेश महासचिव पद पर दीपक सैनी,शैलेश मोसलपुरिया,व चन्द्रशेखर मौर्य को एवं प्रदेश सचिव पद पर विजय सैन, अतहर मिर्जा व रिंकू जाटव को नियुक्त किया गया है।यह जानकारी संगठन के प्रदेश आईटी सेल कमेटी सदस्य अनिल जोनवाल ने दी है !वहीं भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी(कांशीराम)के कार्यकर्ताओं में प्रदेश कार्यकारिणी में एडवोकेट नवलसिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद व प्रदेशाध्यक्ष अनील धेनवाल का आभार व्यक्त किया है। कार्यकर्त्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गईं है क्योंकि जोनवाल लगातार बहुजन मुवमेंट के लिए कार्य कर रहे हैं।

वहीं नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट नवल सिंह ने कहा कि मेरा उद्देश्य बाबा साहेब अम्बेडकर, साहब कांशीराम के द्वारा चलाए गए मुवमेंट को आगे बढ़ाना है और राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेशाध्यक्ष अनील धेनवाल के संघर्ष को घर -घर पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी पंचायत राज चुनाव, नगर निकाय चुनाव, विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। हमारा उद्देश्य प्रदेश में प्रत्याशी उतरना ही नहीं बल्कि प्रत्याशियों की जीत भी सुनिश्चित करना है। सिंह ने बताया कि राजस्थान प्रदेश में आजाद समाज पार्टी ऐसा प्रदर्शन करेगी कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली पार्टी को भी देश में प्रत्याशी नहीं मिलेंगे। जब आजाद समाज पार्टी को देश में सत्ता मिलेगी तो अमेरिकी जैसे दबाव में भारत को नहीं देखा जाएगा।सिंह संगठन के अनेक पदों पर कार्य करते हुए इस मुकाम तक पहुँचे हैं।वहीं बानसूर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्त्ताओं में खाशा उत्साह देखा गया। वहीं मानशी मार्किट में बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय के हित में कार्य करने वाले अम्बेडकरवादी ने मिठाई बांटकर लोगों का मुँह मीठा कराया।

## पंचायती राज और निकाय चुनाव में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को 10प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर, (रंजन दवे)।** राजस्थान में पंचायती राज और निकाय चुनाव में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को 10प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग अब जोर पकडने लगी है। इसी क्रम में जोधपुर में मारवाड़ राजपूत सभा भवन के तत्वाधान में राजपूत सभा भवन के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपनी मांग से अवगत कराने के लिए ज्ञापन सोपा है। इस कड़ी में पांच प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया गया है, जिसमें की संवैधानिक और लोकतांत्रिक सिद्धांत के साथ-साथ विधिक अधिकार सामाजिक और आर्थिक वास्तविकता का पता लगाकर समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम को जोड़ते हुए, ईडब्ल्यूएस को 10त्न आरक्षण प्रदान करने की मांग की गई है ।आने वाले बजट में इस प्रावधान को शामिल कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से शैक्षणिक संस्थाओं एवं सरकारी सेवाओं में भी 10त्न आरक्षण का प्रावधान किया गया है उसे प्रभावी रूप से लागू करने के साथ-साथ राजनीतिक प्रतिनिधित्व क्षेत्र में भी लागू करने की मांग उठाई गई है। हनुमान सिंह खांगटा ने कहा कि सामाजिक संतुलन के लिए अन्य वर्गों की तरह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को भी इन चुनावों में आरक्षण दिया जाय।

## लॉरेंस बिश्नोई के नाम से कारोबारियों से 2 करोड़ की मांग

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर, (रंजन दवे)।** जोधपुर शहर में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से फिरौती मांगने का मामला सामने आया है।हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र में रहने वाले दो नामी कारोबारियों को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। कॉलर ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई का भाई 'आरजू' बताते हुए 48 घंटे के भीतर 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी।धमकी मिलने के बाद पीड़ित कारोबारी दीपक और मनीष ने जोधपुर के हाउसिंग बोर्ड थाना में मामला दर्ज कराया। मिली जानकारी के अनुसार धमकी भरा फोन 6 फरवरी की रात करीब 10 बजे आया। कॉल वीपीएन के जरिए की गई थी ,इंटरनेट कॉल बताई जा रही है। कॉलर ने साफ शब्दों में कहा कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो 'जिंदा नहीं रहोगे'। धमकी मिलने के बाद पीड़ित कारोबारी दीपक और मनीष ने पुलिस की शरण ली।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देश पर तुरंत कार्रवाई की गई। दोनों कारोबारियों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें गनमैन उपलब्ध कराए गए हैं। हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी ईश्वरचंद पारीक के अनुसार पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कॉल की लोकेशन, वीपीएन और अन्य डिजिटल सुरागों की गहन जांच में जुटी हुई है। विषय की गंभीरता देखते हुए पूरे प्रकरण की पुलिस घंटा से जांच कर रही है और इस मामले में जल्द ही निष्कर्ष पर पहुचेगी।

## युवा संबल रोजगार मेला 10 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर,(का.स.)।** जिला रोजगार अधिकारी हरीश नेककवाल ने बताया कि जिला स्तर पर युवा संबल रोजगार मेला-2026 का आयोजन 10 फरवरी को प्रात: 10 बजे से कालीमोरी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जाएगा, जिसमें विभिन्न कम्पनियां भाग लेकर 1500 से अधिक रिक्तियों पर बेरोजगार आशार्थियों का चयन करेगी। उन्होंने बताया कि शिविर में मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के मौके पर ही आवेदन पूरित कर स्वरोजगार की प्रक्रिया सम्पादित की जाएगी एवं भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा सखी योजना में 100 महिलाओं को आजीविका अवसर प्रदान कर सशक्त एवं आत्मनिर्भर नारी की संकल्पना को साकार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आशार्थी ीजजचेरूध्ध् तंरमउचसवलउमदजण्तंरेंजींदण्हवअण्पदध् श्रवइथ्ंप तध्मइश्रवइथ्ंपतम्अमदजक्ंलथ्वतश्रवईममामते लिंक के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

## बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के संबंध में 11 फरवरी को होगा कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर,(का.स.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान एवं विभागीय समन्वय सुदृढ किये जाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्रधिकरण द्वारा 11 फरवरी को प्रताप ऑडिटोरियम कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत एसएमडी स्कूल में निर्वाचन साक्षरता उत्सव का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर,(का.स.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी अधिकारी व सीईओ जिला परिषद श्री सालुखे गौरव रविंद्र के निर्देशन में आज मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत ईएलसी (निर्वाचन साक्षरता क्लब) राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एसएमडी, अलवर के द्वारा "निर्वाचन साक्षरता उत्सव" का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक कलक्टर अरविंद कविया ने दीप प्रज्वलन कर किया तथा संबोधन देते हुए कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक कर्तव्य एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।



## राजपुर बड़ा में विराट हिंदू सम्मेलन में पंच परिवर्तन के साथ गूँजा हिंदुत्व का शंखनाद

### बाबा बालकनाथ ने दिया संस्कारों का मंत्र, आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर उमड़ा जनसैलाब



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर कस्बे के समीपवर्ती गांव राजपुर बड़ा में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सेंकड़ों की संख्या में महिलाओं ने ध्वज यात्रा निकाली। राजपुर बड़ा मे पहुंचे श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों ने हिंदू संस्कृति के संरक्षण और समाज सुधार का संकल्प लिया। मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता और संकटमोचन हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पूज्य संत बालकनाथ महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संस्कारों के मंत्र पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोडन्ना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सम्मेलन में आरएसएस द्वारा प्रस्तावित पंच परिवर्तन (स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य) का शंखनाद किया गया। वक्ताओं ने आह्वान किया कि समाज के हर व्यक्ति को इन पांच सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्रोफेसर गंगाश्याम ने संघ के 100 वर्षों की यात्रा और राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में संतों और गणमान्य नागरिकों का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिनमें मुख्य रूप से पूज्य संत निर्भयनाथ महाराज, अध्यक्ष रामचरण, मुख्य वक्ता एवं रि. प्रोफेसर गंगाश्याम, जिला पार्षद राजेंद्र तिवाड़ी, महेंद्र पढ्या, रामकरण, मन्नालाल, महेंद्र सैनी एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## एमएस बिट्टा का बड़ा क्रिकेट को लेकर बड़ा बयान, पाकिस्तान और बांग्लादेश बन चुके है आतंकवादियों के गढ़

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर, (रंजन दवे)।**बांग्लादेश के बाद पाकिस्तान के भारत के साथ क्रिकेट खेलने से मना किये जाने को लेकर एंटी टेररिस्ट फ्रंट के एस बिट्टा ने बड़ा बयान दिया है। जोधपुर में पत्रकारों से बात करते हुए एमएस बिट्टा ने कहा है कि पूरे विश्व के देशों में सिर्फ इन दो देशों में खेलने को लेकर भय का माहौल देखने को मिलता है, जबकि भारत में ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने कहा भारत देश के अंदर किसी को भी खतरा नहीं है ।उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में खतरा अगर कहीं है तो वह बांग्लादेश और पाकिस्तान में ही है। आज के टाइम पर पाकिस्तान और बांग्लादेश तो आतंकवादियों का एक गढ़ बन चुके हैं जो आतंकवादियों को संरक्षण देते हैं । जोधपुर दौरे पर आए बिट्टा ने स्पस्ट तौर पर कहा पूरे विश्व को पाकिस्तान से खतरा है ,हमारे देश में किसी को खतरा नही है। उहोने आगे बोलते हुए कहा कि बांग्लादेश के अंदर कितने हिंदू भाइयों का कत्लेआम हुआ। बांग्लादेश के अंदर जिस तरह से हमारी बहू बेटियां सुरक्षित न हो, हमारी बहनें सुरक्षित ना हो हमारे भाई सुरक्षित न हो , घरों को आग लगा दी जाती हो और पाकिस्तान के अंदर हमारे मंदिरों को गुरुद्वारा साहब का अपमान होता है वहां कैसे खेले । पहलगाम व पुलवामा की घटना हुई ।जगह-जगह बम ब्लास्ट हुए, इसे पीछे का कारण पाकिस्तान है। हमारा देश सुरक्षित है । हमारा देश पाकिस्तान जैसे बांग्लादेश जैसे लोगों से खेलना भी नही चाहेगा ।

## ट्रैफिक पुलिस ने 15 दोपहिया वाहन-एक कार की जब्तःनो पार्किंग में खड़ी गाडियों पर कार्रवाई; दुकानों के बाहर से निगम ने अतिक्रमण हटवाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर,(का.स.)।** अलवर में ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 15 से अधिक दोवाहनों और एक कार को जब्त किया। इन गाडियों को ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैक्टर में भरकर थाने भिजवाया। कार्रवाई को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ भी जुट गई। वहीं बिना हेलमेट वाहन ड्राइवर पुलिस को दूर से देखकर वापस लौट गए। अलवर शहर के हॉप सर्कस पर सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। वहीं नगर निगम टीम ने घंटाघर व त्रिपोलिया रोड क्षेत्र में दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त करने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की ईओ निशा लखानी भी मौके पर पहुंचीं। घंटाघर व त्रिपोलिया रोड क्षेत्र में दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त करने की कार्रवाई की। निगम टीम को देखते ही दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। इस दौरान टीम ने रसीद काटने की कार्रवाई भी की। ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा ने बताया- नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी बाइक और स्कूटी को मौके पर जब्त कर थाने भिजवाया गया। इस दौरान 15 दोपहिया वाहन और एक इको कार को जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया- इससे पहले भी हॉप सर्कस इलाके से नो-पार्किंग जोन में खड़ी कारों को जब्त किया जा चुका है। अब दोपहिया वाहनों के खिलाफ भी सख्ती बरती जा रही है। दरअसल हॉप सर्कस, बजाजा बाजार और घंटाघर क्षेत्र में लोग नो -पार्किंग जोन में वाहन खड़ाकर खरीदारी करने चले जाते हैं। इससे बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय राजपुर बड़ा में शैक्षिक बाल मेले का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** उपखंड क्षेत्र के राजपुर बड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में सोमवार को शैक्षिक बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के 22 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजपुर बड़ा सरपंच अंजना हेमंत भारद्वाज, महेन्द्र शर्मा, प्यारेलाल जाटव, रामपति मीना, हेमलता गुर्जर, सपना शर्मा, रूपसिंह पिलोदा, छोटेलाल मीना, धर्मराज चौधरी, दिनेश सैनी एवं प्रियंका व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने एक से बढक़र एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित बच्चों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मेले के दौरान स्कूली बच्चों ने विज्ञान, गणित और कला से संबंधित विभिन्न मॉडल और प्रदर्शनी प्रस्तुत की। अतिथियों ने बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना जागृत होती है। मंच का संचालन ब्रजमोहन भगलाया और जितेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से पधारे हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

**आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन**

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक समरसता और भाईचारे के प्रतीकःशेखावत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर नगर पालिका क्षेत्र में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में सर्व समाजों में से कुल 11 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाजों एवं मन्त्रोंचार के बाद विवाह संपन्न कराया गया। शाही बारात सियाराम दास मंदिर से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार से होती हुई शादी समारोह स्थल तक पहुंची। जहां ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात व दुल्हों का भव्य स्वागत भी किया।

कार्यक्रम में पहुँचे स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शेखावत ने इस मौके पर कहा कि सामूहिक विवाह जैसे सम्मलनों के आयोजन से समाज में समरसता,भाईचारे और समानता की भावना को बल मिलता है। इसलिए ऐसे आयोजन होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं और होंगें।शेखावत ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में भी सहायक सिद्ध होंगें।

उन्होंने सम्मेलन में मौजूद सभी 11 नवविवाहित जोड़ों को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी, अलमारी, संदूक, सिलाई मशीन, फ्रिज, बैग सहित घरेलू उपयोग का आवश्यक सामान भेंट भी किया गया। विवाह की सभी रस्में विद्वान् पण्डितों के द्वारा विधि-विधान द्वारा संपन्न करवाई गईं। इस मौके पर वर,वधु पक्ष और क्षेत्र के गणमान्य लोग काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।

## ग्रेड-पे और पदोन्नति सहित पदनाम में ऑफिसर्स हो पदनामःयादव

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवीसिंह शेखावत के आवास पर पहुँची एएनएम और एलएचवी संघ राजस्थान की कार्यकर्त्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मांग की गईं है कि एएनएम और एलएचवी की ग्रेड पे लेवल-8से हटाकर लेवल-10की जाए एवं वेतनमान 28सौ रूपये से बढाकर 36सौ रूपये की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गईं है कि एएनएम पदनाम को बदलकर पब्लिक ऑफिसर किया जाए। वहीं यादव ने बताया कि एलएचवी के पदनाम को सर्किल नर्स ऑफिसर किया जाए। उन्होंने कहा कि बीएचएस के पदनाम को ब्लॉक नर्स ऑफिसर तो डीएचएस को डिस्ट्रिक्ट नर्स ऑफिसर किया जाए।वहीं संघ बानसूर की ब्लॉक महामंत्री सोनम कंवर ने कहा कि हमारी ग्रेड-पे सहित पदनाम को सम्मान पूर्वक किया जाए।इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने आश्वासन दिया है कि आपकी मांगों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक पहुँचाया जाएगा और मेरा प्रयास रहेगा कि आपकी मांगों पर जल्द कार्यवाही हो। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष क़ीमत यादव,बानसूर ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप देवी गुर्जर, उपाध्यक्ष संतोष देवी,कार्यकारिणी सदस्य अंजू राजपूत,बिमला रानी,बबिता,भावना,मनीषा,अनीता,ममता,रेखा,कविता,ज्योति,सुमेर,सुशीला चौधरी, वरिष्ठ सलाहकार विजय लक्ष्मी,कृष्णा,भगवंती आर्य,मुन्नी बाई,नहनो,सरोज,सविता,सचेत यादव, सुनीता यादव,मंजू,दुर्गा,कमलेश गुर्जर व सुमन सहित काफ़ी संख्या में संघ की कार्यकर्त्ता मौजूद रही।



सरस्वती हाई स्कूल का विदाई समारोह

## पिता की डांट एवं शिक्षक की फटकार सहन करने वाला छात्र ही आगे बढ़ता है-ड़ा सोनी



बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** अगर जिस पुत्र ने पिता की डांट एवं जिस छात्र छात्रा ने गुरु की फटकार सहन करली या सहन करना सीख लिया वो छात्र अपने जीवन में कभी मात नही खाएगा एवं उसको भगवान भी आगे बढने से नही रोक पाएगा । यह बात आज यहां सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के पद से छात्रों को संबोधित करते हुए युवा समाज सेवी ड़ा दीक्षांत सोनी ने कही। उन्होने छात्रो को अपने जीवन मे सभी तरह के नशों से दूर रहने की नसीहत देते हुए संस्कारित एवं अनुशासित जीवन जीकर जीवन में अच्छा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। बूंदी जिले के नामचीन निजी स्कूलों में शुमार कस्बे के इस स्कूल का विदाई समारोह बोर्ड परीक्षा नजदीक होने की वजह से एक सादे समारोह के रुप मे मनाया गया जिसकी अध्यक्षता स्थानीय जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन की जबकि बतौर विशिष्ट अतिथि बढता राजस्थान के प्रतिनिधि शरीक रहे। इससे पूर्व सभी अतिथियों का प्रिंसिपल राजेन्द्रसिंह हाडा एवं प्रबंधन के अन्य सदस्यों द्वारा भावभीना स्वागत किया गया। हाडा ने कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना को लेकर बाहर जाने के बाद दुनिया की चकाचौंध में गुमराह नही होने मोबाईल से दुरी बनाए रखने एवं समय के अनुरुप परिवर्तित होते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए जी जान से पढाई एवं तैयारी करने के लिए प्रेरित किया । समारोह को संस्था के अध्यक्ष जगन्नाथ सैनी एवं प्रवीण जैन ने भी संबोधित किया जबकि संचालन शिक्षक विष्णु दाधीच ने किया । कार्यक्रम के अंतिम दौर में 12वीं कक्षा के सभी 30 छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर स्कूल की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए एवं सभी छात्रों का मुंह मीठा कराते हुए समारोह का समापन किया गया।

## सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अवैध अतिक्रमण को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमण्डी (नि.स.)।** रामगंजमण्डी के सातलखेड़ी हाट चौक में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अवैध अतिक्रमण का एक बड़ा मामला सामने आया है। पंचायत द्वारा लाखों रुपए की लागत से सब्जी विक्रेताओं के लिए बनाए गए चबूतरे और टीन शेड को कुछ रसूखदार लोगों द्वारा मिलीभगत कर खुर्द-बुर्द कर दिया गया है। इस मामले में ग्रामीणों ने तहसीलदार को तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौपकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई है। ज्ञापन में बताया गया है कि हाट चौक में सब्जी मंडी के लिए बने ढांचों को राजेश मेहरा, मनोहर सोनी, मदन लाल प्रजापत और धुलीलाल नामक व्यक्तियों ने अवैध रूप से क्षतिग्रस्त कर उस पर कब्जा कर लिया है। इसका खामियाजा उन गरीब सब्जी विक्रेताओं को भुगतना पड़ रहा है, जो यहां अपनी दुकान लगाकर आजीविका चलाते थे। अतिक्रमणकारियों को पंचायत द्वारा जून 2024 से लेकर अक्टूबर 2025 तक आधा दर्जन से अधिक बार नोटिस थमाए गए, लेकिन आरोपियों ने प्रशासनिक आदेशों को ठेंगे पर रखा। ज्ञापन में यह भी बताया कि ?मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम पंचायत सातलखेड़ी ने 24 अक्टूबर 2025 को सुकेत पुलिस थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साथ ही पंचायत कोरम ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए फाइल भी भेज दी है। जिसका निरक्षण भी किया जा चुका है। फिलहाल ग्रामीणों को तहसीलदार ने इस पूरे मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मादक पदार्थ के खिलाफ खातौली पुलिस की कार्रवाई 366 ग्राम गाजा बरामद अभियुक्त गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**खातौली (मुकेश गोस्वामी)।** 9 फरवरी 2026 को कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ रोकथाम हेतु कोटा ग्रामीण पुलिस थाना खातोली सीआई देशराज गुर्जर द्वारा क्षेत्र में पुलिस थाने की टीम बनाकर अवैध तस्करी तलाशी अभियान शुरू कर तलाव बंजारी गांव के सडक़ पर अभियुक्त ओमप्रकाश पुत्र सूरजमल मीणा निवासी बंजारी से 366 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर माल जप्त किया जा कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच जारी की गई।

# प्रधानमंत्री के सपनों पर प्रधानाचार्य ने चलाई कुल्हाड़ी

- बिनोता स्कूल में हरियाली का कत्लेआम
- क्या सरकारी विद्यालय अब 'लकड़ी माफिया' के अड्डे बन रहे हैं ?
- हरे पेड़ों की बलि के बाद प्रशासन मौन, ग्रामीणों ने घेरा स्कूल

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा तहसील के बिनोता माध्यमिक विद्यालय में एक ऐसा शर्मनाक मामला सामने आया है जिसने शिक्षा के मंदिर और पर्यावरण संरक्षण के दावों, दोनों की धज्जियाँ उड़ा दी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य हीरालाल लोहार पर आरोप है कि उन्होंने बिना किसी ठोस आधार और सक्षम अधिकारी की अनुमति के विद्यालय परिसर में लगे करीब 20-25 हरे-भरे नीम और गुलमोहर के पेड़ों का सामूहिक नरसंहार करवा दिया है। यह घटना 7 फरवरी शनिवार की है जहॉ प्रधानाचार्य नें हरे भरें खडें पेडों पर निजी स्वार्थ के चलतें बेरहमी से आरी चलवा दी और अपना मोबाइल बंद कर दिया । आज जब ग्रामीणों व सरपंच द्वारा स्कूल परिसर में धरना दिया तब मिडियाकर्मी ने पूछा किसे के आदेश थें, प्रधानाचार्य ने जवाब दिया प्रस्ताव लिया गया था । वहां मौजुद सरंपच ने कहा प्रस्ताव लिया है तों गांव वालों को उसकी कॉपी दिखाओं इस पर उनकों कोई जवाब देतें नही बना । बिनोता के ग्रामीणों नें चेतावनी देतें हुए आक्रोश व्यक्त करतें हुए कहा है कि जब तक पेड़ों के इस कत्लेआम के जिम्मेदार जेल नहीं जाते और उन्हें निलंबित नहीं किया जाता,यह धरना समाप्त नहीं होगा । समाचार लिखें जानें तक धरना रात्रि में स्कूल परिसर में जारी था ।




### यह 'छंगाई' नहीं,सोची-समझी 'कटाई' है

प्रधानाचार्य का तर्क है कि उन्होंने केवल पेड़ों की छंगाई की है,लेकिन मौके की तस्वीरें उनकी झूठ की पोल खोल रही हैं। फोटो में दिख रहे मोटे तने पेड़ों के ठूँठ और कटे हुए भारी ल_ साफ दर्शाते हैं कि ये पेड़ 15 से 25 साल पुराने थे वही ग्रामीणों के अनुसार 40-50 वर्ष पुरानें बताये जा रहें है। विद्यालय परिसर में पड़ा लकडियों का विशाल ढेर किसी लकड़ी टाल जैसा नजर आ रहा है, जो महज छंगाई से संभव नहीं है। घटना वालें दिनजैसे ही ग्रामीणों ने इस कृत्य पर सवाल उठाए, प्रधानाचार्य ने समाधान देने के बजाय अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया और जवाबदेही से भागते नजर आए ।




शिक्षा अधिकारी अरविन्द मुंदडा मोके पर स्थित कटे पेड़ो का अवलोकन करते हुए ।

### प्रधानमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम अभियान का सरेआम अपमान

जहाँ केंद्र और राज्य सरकार एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर हरियाली बढ़ाने का प्रयास कर रही है, वहीं बिनोता स्कूल के जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति ने ही इन आदर्शों को ठेंगा दिखा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल पेड़ों की कटाई नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के ऑक्सीजन और पर्यावरण पर डकैती है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल ?

सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीण विद्यालय के बाहर धरने पर डटे हैं। हालाँकि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और उपखंड अधिकारी ने जांच की बात कही है,लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या रसूखदार प्रधानाचार्य पर एफआईआर दर्ज होगी? या प्रशासन इस मामले को कागजों में दबा देगा ?

# राम जल सेतु लिंक परियोजना से जल आत्मनिर्भरता की ओर मजबूती से अग्रसर राजस्थान -जल संसाधन मंत्री

## जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने किया चंबल एक्काडक्ट कार्य स्थल का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने सोमवार को बूंदी जिले के गुहाटा पहुंचकर राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना) के अंतर्गत निर्माणाधीन चंबल एक्वाडक्ट का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप यह परियोजना प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सबसे बड़ा कदम है।

धरातल पर उतरी कार्ययोजना-2 किमी पैदल चलकर लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान रावत ने करीब 2 किलोमीटर पैदल चलकर निर्माण कार्य के हर पॉइंट को बारीकी से देखा। उन्होंने अधिकारियों और कार्यकारी एजेंसी के साथ समीक्षा बैठक की और स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्री ने मौके पर मौजूद अभियंताओं और श्रमिकों से संवाद कर उनकी मेहनत की सराहना की और सुरक्षा मानकों की कड़ाई से पालना करने के निर्देश दिए।



### परियोजना की मुख्य विशेषताएं और प्रगति

मंत्री रावत ने बताया कि चंबल नदी पर बन रहा यह एक्वाडक्ट तकनीकी और विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्य पर लगभग 2,330 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। इसकी कुल लंबाई 2,280 मीटर (2.3 किमी) है, जिसकी आंतरिक चौड़ाई 41.25 मीटर और ऊंचाई 7.7 मीटर है। कार्य का शुभारंभ मई 2025 में हुआ था और इसे जून 2028 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यह एक्वाडक्ट कोटा जिले की दीगोद तहसील (पीपलदा समेल गांव) और बूंदी जिले की इंद्रगढ़ तहसील (गुहाटा गांव) को जोड़ेगा। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन के लिए एक नया मार्ग भी मिलेगा।

### 17 जिलों की प्यास बुझाएगी जीवनदायिनी परियोजना

रावत ने जानकारी दी कि ईआरसीपी को वृहद स्वरूप देते हुए बनाई गई इस 90 हजार करोड़ रुपए की संशोधित परियोजना से प्रदेश के 17 जिलों की करीब 3.25 करोड़ आबादी को पेयजल मिलेगा। नवनेरा बैराज से पानी लिफ्ट कर मेज नदी और फिर वहां से बीसलपुर व ईसरदा बांध तक पहुंचाया जाएगा। यह परियोजना न केवल पीने का पानी देगी, बल्कि सिंचाई और उद्योगों के लिए जल उपलब्ध कराकर राजस्थान के आर्थिक-सामाजिक ढांचे को बदल देगी।

निरीक्षण और समीक्षा बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, ऐ डी अंसारी एडिशनल चीफ जरनल मेनेजर आरडब्ल्यूजीसीएल कोटा बूंदी, सहित विभाग के वरिष्ठ अभियंता और अधिकारी उपस्थित रहे।

## डेपुटेशन विवाद:2 घंटे धूप में बाहर खड़ी रही महिला टीचर, प्रिंसिपल ने स्कूल का मेन गेट अंदर से बंद किया



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** कुदायला स्थित 12वीं तक के सरकारी स्कूल में डेपुटेशन को लेकर विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि सामाजिक विज्ञान की अध्यापिका कृष्णा मेहरड़ा को बिना लिखित आदेश 3 किमी दूर सातलखेड़ी स्कूल जॉइन करने को कहा गया और स्कूल में प्रवेश नहीं दिया गया। इस दौरान प्रिंसिपल ने स्कूल का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया, जिससे महिला टीचर करीब दो घंटे तक बाहर धूप में खड़ी रहीं। कृष्णा मेहरड़ा के अनुसार, वे सुबह 10 बजे स्कूल पहुंचीं तो प्रिंसिपल ने कार्यमुक्ति की बात कहकर सातलखेड़ी जॉइन करने को कहा। लिखित आदेश मांगने पर उन्हें अंदर नहीं आने दिया गया। वे दोपहर 12 बजे तक स्कूल के बाहर रहीं और इस दौरान सीबीईओ से फोन पर संपर्क किया। मामला बढने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। स्कूल प्रिंसिपल सत्यप्रकाश जोशी का कहना है कि सातलखेड़ी में पदस्थ शिक्षक अमृतलाल को पांचवीं बोर्ड परीक्षा कार्य के लिए कुदायला बुलाया गया था। शिक्षण व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृष्णा मेहरड़ा का अस्थायी डेपुटेशन किया गया। भीड़ एक साथ स्कूल में प्रवेश न करे, इसलिए अंदर से ताला लगाया गया और 5-5 लोगों को बुलाकर बातचीत की गई, ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। वहीं, सीबीईओ कीर्ति मेहरोत्रा ने स्पष्ट किया कि प्रिंसिपल को डेपुटेशन करने का अधिकार नहीं है।

## निगम ने मुरादाबादी रेस्टोरेंट का अवैध काउंटर तोड़ाःइलाके में अवैध अतिक्रमण हटाए; नोटिस की समय सीमा खत्म, कल से होगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में तीन मंजिला रेस्टोरेंट की बिल्डिंग ढहने के बाद नगर निगम अधिकारियों की नींद टूटी। हादसे के बाद निगम को याद आया कि यहां बनाए गए भवन अवैध हैं। इन्हें केवल एक मंजिल दुकान की अनुमति है, लेकिन भवन मालिकों ने तीन मंजिला व्यवसायिक भवन बना लिए। इसके बाद नोटिस जारी किए गए।

इंद्र विहार इलाके में ओपेरो अस्पताल के सामने तीन मंजिला रेस्टोरेंट में कार्रवाई करने सोमवार को नगर निगम टीम पहुंची। निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने मुरादाबादी रेस्टोरेंट के अतिक्रमण कर बनाए काउंटर और किचन को तोड़ा। मुरादाबादी रेस्टोरेंट के संचालक अब्दुल दाऊद मुरादाबादी ने बिल्डिंग के आगे कच्चा-पक्का निर्माण कर रखा था। टीनशेड और एंगल लगाकर दुकाननुमा ढांचा तैयार किया हुआ था, जो फुटपाथ तक आ रहा था। इसमें मुरादाबादी रेस्टोरेंट संचालक अब्दुल दाऊद मुरादाबादी काउंटर और किचन संचालित कर रहा था। इसके पीछे वाली बिल्डिंग को ही डिस्मेंटल करने का काम चल रहा था। इसकी वजह से ये हादसा हुआ था।

## कोटा पीपल्दा विद्यार्थियों की विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियो ने दी कविता की रंगारंग प्रस्तुतियां

बढ़ता राजस्थान

**इटावा (मुकेश गोस्वामी)।** ब्लॉक क्षेत्र के खातौली कस्बे के लोकमान्य बाल माध्यमिक विद्यालय में बाबूलाल मीणा प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुंगेना के मुख्य आतिथ्य व दीपेंद्र बैरवा उपप्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खातौली की अध्यक्षता में वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि पुष्पचन्द जाटवा, नरेंद्र केवट, रतनलाल बैरवा, सुरेंद्र बैरवा, वीरेंद्र मेघवाल, महावीर बैरवा मौजूद रहे। कार्यक्रम का



शुभारंभ मां सरस्वती को कुमकुम, अक्षत व माला पहनाकर किया। सर्वप्रथम विद्यालय स्टाफ सहित कक्षा नवीं के विद्यार्थियों ने दसवीं के विद्यार्थियों को तिलक गुलाल लगाकर विदाई दी। छात्र-छात्राओं ने मंच पर कविता पाठ किया तथा रंगारंग प्रस्तुतियां दी।परीक्षाओं में सम्मिलित होकर सफलता प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को इनाम व प्रमाण पत्र देकर नवाजा गया द्य भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए द्य इस अवसर पर विद्यालय निदेशक उमेश वर्मा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । अंत में संस्था प्रधान देशराज बैरवा ने आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट किया। अतिथियों ने इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ रनजीत बैरवा, दीनदयाल वैष्णव, लोकेश राठोर, प्रमोद नागर, मूलचंद गोचर, कान सिंह जाटवा, दुलीचंद मेरोठा,ललिता पारेता, कृष्णा बैरवा, मनीषा मीना, भूमिका बड़ोदिया, अर्चना गुर्जर, निहारिका लालावत, अंतिमा सिंघल उपस्थित रहे ।


## कोटा हादसे ने झकझोराः मुख्यमंत्री से राज्यव्यापी भवन सुरक्षा कार्रवाई की मार्मिक अपील

# कोटा हादसे के बाद राजस्थान अलर्टः शहरी निर्माण सुरक्षा और अवैध इमारतों पर राज्यव्यापी कार्रवाई की माँग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में हाल ही में हुई तीन मंजिला इमारत दुर्घटना ने एक बार फिर शहरी भारत में निर्माण सुरक्षा, अवैध निर्माण और प्रशासनिक लापरवाही की गंभीर सच्चाई को उजागर कर दिया है। इस हादसे से व्यथित होकर भारत सरकार के अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई से अर्बन व रीजनल प्लानिंग में प्रशिक्षित एलुमनाई और पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ. नयन प्रकाश गांधी ने राजस्थान सरकार को एक विस्तृत पॉलिसी ड्राफ्ट पत्र प्रेषित किया है। यह पत्र सीधे माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित है और इसमें कोटा हादसे को राज्यव्यापी शहरी नीति सुधार का आधार बनाने की माँग की गई है। डॉ. गांधी ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि कोटा हादसा कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि वर्षों से चल रही अवैध निर्माण प्रवृत्ति, कमजोर निरीक्षण तंत्र और जवाबदेही की कमी का परिणाम है। हादसे में हुई जनहानि ने यह सिद्ध कर दिया है कि नगर निगम स्तर पर निर्माण अनुमति, गुणवत्ता नियंत्रण और नियमित निरीक्षण व्यवस्था में गंभीर चूक हुई है। उन्होंने नगर निगम कोटा के उन अधिकारियों पर प्रशासनिक और विधिक कार्रवाई की माँग की है, जिनकी भूमिका इस इमारत की अनुमति और निगरानी से जुड़ी थी। पत्र में विशेष रूप से यह आग्रह किया गया है कि कोटा शहर में जहाँ-जहाँ नगर निगम की अनुमति के बिना अवैध निर्माण हुआ है, अथवा बिना तकनीकी स्वीकृति के तीन-चार मंज़िला इमारतें खड़ी की गई हैं, उनका तत्काल संरचनात्मक और गुणवत्ता ऑडिट कराया जाए। साथ ही, ऐसे निर्माणों पर कड़ी पेनल्टी लगाकर भविष्य के लिए एक सख़्त नज़ीर पेश की जाए। डॉ. गांधी ने कोटा को एक छात्र-प्रधान शहर बताते हुए कहा है कि राजीव गांधी नगर, महावीर नगर, विज्ञान नगर, तलवंडी, कुन्हाड़ी और जवाहर नगर जैसे इलाकों में हज़ारों छात्र मुख्य सडक़ों और चौराहों के आसपास बहुमंज़िला हॉस्टलों और पीजी में रहते हैं। ऐसे क्षेत्रों में भवन सुरक्षा केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं हो सकती। यहाँ स्थित इमारतों को हाई-रिस्क कैटेगरी में चिन्हित कर नियमित और अनिवार्य निरीक्षण आवश्यक है।अपने पॉलिसी नोट में उन्होंने कई ठोस सुझाव दिए हैं, जिनमें तीन मंज़िल या उससे अधिक सभी भवनों के लिए तृतीय-पक्ष तकनीकी जाँच, छात्र आवासों के लिए अलग स्टूडेंट हाउसिंग सेफ्टी कोड, डिजिटल बिल्डिंग रजिस्टर और निरीक्षण ट्रैकिंग सिस्टम की स्थापना शामिल है। उन्होंने यह भी ज़ोर दिया कि लापरवाही की स्थिति में केवल भवन मालिक या ठेकेदार ही नहीं, बल्कि अभियंता और संबंधित अधिकारी की संयुक्त जवाबदेही तय की जाए।







## गुमट मंदिर पर हुआ सत्संग भवन का लोकार्पण, संतो का मिला आशीर्वाद

### रामलला और भगवान नर्सिंग की मूर्तियों की हुई स्थापना, भामाशाहो का हुआ सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की सबसे पुराने गुमट हनुमान मंदिर पर रामायण सत्संग मंडल द्वारा रामलला और नृसिंग भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। जिसके तहत रविवार को विद्धान आचार्यो द्वारा सत्संग भवन में श्री रामलला और नरसिंह भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान रामायण सत्संग के नवीन भवन का दतिया शक्ति पीठ से आये संत श्री ने लोकार्पण किया। इस दौरान संगीत में सुंदरकांड का पाठ पाठ का आयोजन हुआ और नवीन भवन निर्माण में सहयोग करने वाले शहर के भामाशाहो का सम्मान समारोह आयोजित किया।

रामायण सत्संग मंडल से जुड़े प्रदीप गोयल और एडवोकेट विनोद जिंदल ने बताया की शहर की 75 वर्ष पुरानी श्री नर्सिंग संस्कृत पाठशाला में रामायण सत्संग मंडल द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान भवन के पुराने और क्षतिग्रस्त होने पर सत्संग मंडल को एक नवीन भवन की जरूरत हुई तो भामाशाहों के सहयोग से और मंदिर श्रद्धालुओं की इच्छा से इसका निर्माण कराया गया साथ में सत्संग भवन में श्री रामलला और नरसिंह भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी की गई है। रविवार की शाम आयोजित हुए कार्यक्रम में दतिया पीठ के मुख्य पुजारी याज्ञबल्लभ त्रिवेदी के शिष्य कृष्ण मोहन शर्मा के हाथों से रामायण सत्संग भवन का लोकार्पण कराया गया है। इस कार्यक्रम में दतिया संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमा शर्मा अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सत्संग भवन निर्माण कार्य में सहयोग करने वाले मंदिर से जुड़े सभी भामाशाहों का सम्मान किया गया।

## जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी की जिला कार्यकारिणी गठित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी ) ।** जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। मार्गदर्शक मण्डल में डॉ. प्रेमसिंह कुन्तल, दौलत सिंह, डॉ. कप्तान सिंह, नरेन्द्र निर्मल को शामिल किया है। कार्यकारी अध्यक्ष भावना चौधरी को बनाया है। जिला महासचिव राजवीर सरसैना, जिला सलाहकार निर्भय सिंह सोलंकी, रामवीर सिंह, जिला महामंत्री जलसिंह कुंतल, जिला सभाध्यक्ष भगवान सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह तॅवर, जिला सह कोषाध्यक्ष शुभम सिंह फौजदार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुराज सिंह,योगेश सिंह, बलराज सिंह बनाया है। इसी प्रकार जिला उपाध्यक्ष हरपाल सिंह, समीर प्रताप सिंह,अरूण फौजदार, रविन्द्रपाल सिंह प्रमिला सिंह, जिला संगठन महामंत्री रामकुमार, लोकेंद्र सिंह, जिला संगठन महासचिव गीतम सिंह, तीर्थवीर सिंह, राजेश कुन्तल, जिला संगठन मंत्री राजवीर परसवारा, रविन्द्र चौधरी, राजवीर सिंह, जिला प्रवक्ता अभयवीर सिंह, जिला सह प्रवक्ता पवन कुमार, जिला मंत्री मोहित सिंह, धर्मवीर सिंह कवई, सोशल मीडिया प्रभारी जीतेन्द्र कुन्तल, शिवम फौजदार, जिला सचिव राजेश सिंह,सचिन डागुर, जिला कार्यकारिणी सदस्य जीतेन्द्र सिंह बयाना, मनीष सिंह रूपवास,विजयपाल उच्चैन, रोहन सिंह भरतपुर, विजय सिंह फौजदार सरसैना को बनाया गया है।

## ऑपरेशन शिकंजा व एरिया डोमिनेशन अभियान में 3 इनामी बदमाश व 3 वारंटी सहित 6 गिरफ्तार

**सूरौठ ( टीकाराम शर्मा )।** भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक कैलाश विश्नोई, करौली जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र पाल (हिंडौन सिटी) के निर्देशन में तथा वृत्ताधिकारी मुनेश कुमार के सुपरविजन में थाना सूरौठ प्रभारी सोहन सिंह गुर्जर पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा ऑपरेशन शिकंजा एवं एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 इनामी बदमाशों, 3 वारंटियों सहित कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी सोहनसिंह पु.नि. के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में इनामी बदमाशों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी में कांस्टेबल देशराज (1395,)की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

# हर घर जल, हर घर खुशहाली हमारा संकल्प : जवाहर सिंह बेढम

## आदिबद्री में 65.55 लाख रूपये की पेयजल योजना का किया शिलान्यास

### अधिकारियों को ढाई माह में पेय जल योजना को पूरा कराने के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** आदिबद्री धाम की इस पावन धरा पर बद्री नारायण जी और पूज्य संतों के आशीर्वाद से इस महत्वपूर्ण पेयजल परियोजना का शिलान्यास करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है यह बात सोमवार को आदि बद्री में पेयजल योजना का शिलान्यास करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कही।

उन्होंने कहा कि यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की संवेदनशील पहल है। प्रदेश सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य कर रही है, जिसमें अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। हर घर जल, हर घर खुशहाली के संकल्प के साथ गांव-गांव में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और जहां भी समस्या है, वहां प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री बेढ़म ने डीग जिले के बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के गांव अलीपुर स्थित आदिबद्री धाम में 65.55 लाख रुपए की लागत से बनने वाली वृहद पेयजल परियोजना का वैदिक मंत्रोच्चार और साधु-संतों के सानिध्य में शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आदिबद्री धाम केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं और आसपास के ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो, यह सरकार की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने अधिकारियों और संवेदकों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करते हुए इसे निर्धारित छह माह के बजाय ढाई माह में पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाए, ताकि आगामी गर्मी में लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों अनिवार्य हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से क्रियान्वित इस परियोजना के तहत गांव अलीपुर में एक लाख लीटर क्षमता का आरसीसी उच्च जलाशय बनाया जाएगा। इसके साथ ही 200 एमएम व्यास का नलकूप खनन और विस्तृत पाइपलाइन नेटवर्क भी तैयार किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी और ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

कार्य क्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और शिलान्यास पट्टिका के अनावरण से हुई। साधु-संतों ने वैदिक रीति से भूमि पूजन संपन्न कराते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को आशीर्वाद दिया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बड़ी रेल लाइन का निर्माण कार्य, चार गाँवो के खेतो का बंद हुआ रास्ता

### ग्रामीणों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन, पानी निकासी के साथ ग्रामीणों के लिए अंदर पास बनाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के बसेड़ी रोड स्थित गांव टोड पुरा मोहरिन का पूरा,सिकर्रा और हल्ले का पुरा के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को बाड़ी उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को रेलवे लाइन निर्माण कार्य के दौरान चारो गांवों के ग्रामीणों के खेतो को जाने वाले आम रास्ते को बंद किये जाने और रास्ता नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सोपा है।

गांव टोडपुरा,मोहरिन का पुरा,सिकर्रा और हल्ले का पुरा के ग्रामीण सत्यवीर सिंह,ओमपाल सिंह, उदयवीर सिंह,सत्येंद्र, रूप सिंह, कैलाशी,रविन्द्र सिंह, हरिओम, वासुदेव, रामरतन, सतेंद्र सिंह परमार आदि ने बताया वर्तमान में धौलपुर से सरमथुरा,वाया करौली होकर गंगापुर तक बड़ी रेल लाइन बिछाये जाने का काम चल रहा है। उक्त कार्य के दौरान रेलवे द्वारा जो ट्रैक बिछाने के लिए मिट्टी डाली जा रही है। उससे चारों गांवो के खेतों को जाने वाला आम रास्ता बंद हो गया है साथ में खेतों को जाने वाले पानी का भी रास्ता बंद हो गया है। जिससे एक साइड में जल भराव हो रहा है। ग्रामीण अपने खेतों तक रेलवे लाइन की मिट्टी के ऊपर



से होकर गुजर रहे हैं। चारों गांव के लिए रेलवे विभाग द्वारा अंडरपास या पुल बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिसको लेकर सर्वे के दौरान अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया है। ऐसे में मामले को लेकर उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को अवगत कराया है और पानी निकासी और रास्ते की समस्या के समाधान की मांग की है। यदि मामले में रेलवे मंत्रालय द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन पर मजबूर होंगे।

## बस से उतरते समय चालक की लापरवाही से कटा बुजुर्ग का पैर,हालत गंभीर

### कोतवाली पुलिस ने निजी बस को किया जप्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के काली माई मंदिर के पास बाईपास पर बस से उतरते समय चालक की लापरवाही से एक बुजुर्ग का पर पिछले पहिए के नीचे आ गया। इस घटना में घायल हुए बुजुर्ग को तुरंत बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया।



घटना के बाद आसपास के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बस को जप्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर के बेरा बाग धनोरा रोड निवासी 60 वर्षीय ताले पुत्र नेकराम अपने रिश्तेदारी में शादी समारोह में शिरकत करने रविवार को धौलपुर गया था। जहां से सोमवार को दिन में वापस निजी बस आरजे पीए 5166 से धौलपुर से बैठकर बाड़ी आ रहा था। इस दौरान जैसे ही वह काली माई मंदिर बाईपास पर पहुंचा और बस से उतरा,चालक ने बस चला दी। ऐसे में बुजुर्ग ताले का एक पैर बस के पिछले पहिए के नीचे आ गया। घटना के बाद घायल बुजुर्ग को आसपास के लोगों ने बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने निजी बस को जप्त कर लिया। बस चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित पर जनों ने कोतवाली थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट दी है। कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने बस को जप्त कर लिया है। चालक मौके पर नही मिला है। जिसकी तलाश की जा रही है।

# जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान फ्लैगशिप योजना, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई, सड़क मरम्मत, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से लिया जाए तथा त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।बैठक में जिले में सड़कों की मरम्मत की स्थिति, विद्युत आपूर्ति, तथा स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान नगर परिषद धौलपुर क्षेत्र में जल भराव वाले क्षेत्रों से पानी निकासी एवं साफ-सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उन्होंने नालों की नियमित सफाई तथा जल निकासी की प्रभावी



व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गत साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि निर्देशों की अनुपालना में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह ने तैयारियों को लेकर किया गाँवों का दौरा

- इआरसीपी बने राष्ट्रीय परियोजना, बाणगंगा नदी में आये पानी
- 18 फरवरी को हलैना में होगा किसान सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/हलैना ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के शतायू पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा केन्द्र सरकार के नेताओं के भरोसे के है और उसी आधार पर मुख्यमंत्री बने है , मुख्यमंत्री को अपने सम्बन्धों के हिसाब से ईआरसीपी को शीघ्र राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराना चाहिये । गौरतलब है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं दो वर्ष पूर्व इआरसीपी पीकेसी का उदघाटन करके गये थे लेकिन ऐसा क्या कारण है कि इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया गया ।

पूर्व सांसद सोमवार को 18 फरवरी को कस्वा हलैना में होने बाले किसान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर ग्राम भूतोली मुखैना में आयोजित नुक्कड बैठको में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भरतपुर और डीग जिलो की सभी समस्याओं को भलिभाँती जानते है उन्हें बताने की जरूरत भी नहीं है । भरतपुर में पानी और रोजगार का गम्भीर संकट है ।






उन्होंने कहा कि गत पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना पहले ही केन्द्र सरकार की मनमानी से 10 वर्ष लेट हो चुकी है और यह योजना शुरू में सैतीस हजार करोड की थी जो अब 70 हजार करोड़ रुपये की हो गई है।

नुक्कड़ बैठकों में बोलते हुऐ किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने ग्रामीणों से 18 अगस्त को कस्बा हलैना में आयोजित किसान सम्मेलन में भाग लेने का आहवान किया ।

किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि किसान बगैर सिंचाई पानी के परेशान है दूसरे उत्पादक किसानों को उनकी उपज के लाभ कारी दाम नहीं नहीं रहे है । खेती की लागत बढ़ती जा रही है । रोजगार का संकट है । बाणगंगा नदी में भी प्रथम चरण में पानी मिलना चाहिये ।किसान सम्मेलन में खेती और किसानों की सभी समस्याओं पर विचार विर्मश किया जायेगा ।

इन गाँवों में पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह का स्वागत किया गया । कार्यक्रमों में वैद्य गुलाब सिंह अनिल शर्मा बैध सतीश पालीवाल , पूर्व सरपंच केशव देव शर्मा ओम प्रकाश शर्मा बाई उदय सिंह भूतौली रमन आमौली गिरधारी मुखैना रामबाबू अम्बेश बलदेव सिंह नेकराम सिंह % ने भी अपने विचार प्रकट किये ।

## नदबई के मांझी में आरएलपी की नुक्कड़ सभा: पदाधिकारियो ने पार्टी की नीतियों के बारे में ग्रामीणों को बताया




**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी ) ।** भरतपुर जिले की नदबई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मांझी में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बीएलए-1 महेश सिनसिनवार एवं बीएलए-2 विनोद जी मांझी ने किया। कार्यक्रम में भरतपुर सह प्रभारी गुलवीर फौजदार करीली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पार्टी की रीति-नीतियों, सिद्धांतों एवं जनहित के मुद्दों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायती राज चुनावों में आरएलपी मजबूती से चुनाव लड़ेगी और गांव-गांव में संगठन को मजबूत किया जाएगा। वहीं नदबई विधानसभा सह प्रभारी टीटू जाट ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को दुपट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में संगठन को और अधिक विस्तार देने तथा आगामी चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया।

## भक्ति, श्रद्धा और सनातन परम्परा का दिव्य संगम मन्दिर श्री दामोदर जी महाराज में गणपति-परशुराम प्राण प्रतिष्ठा व भागवत कथा का अलौकिक उत्सव



बढ़ता राजस्थान

**वैर( सन्तोष पण्डित )।** साहित्य और संस्कृति की पावन धरा लघुकाशी वैर स्थित ब्राह्मण समाज के मन्दिर श्री दामोदर जी महाराज में आयोजित 9 दिवसीय आस्था, भक्ति एवं श्रद्धा कार्यक्रमों के अंतर्गत भगवान श्री गणपति एवं भगवान परशुराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह तथा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भक्तिमय वातावरण में जारी है।जिसके तृतीय दिवस श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का रसपान करते हुए भक्ति और अध्यात्म में सराबोर नजर आए।समारोह स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया।जहां यजमान मकराना व्यवसायी दिलीप कुमार लखनपुर ने धर्मानुष्ठान में संकल्प - पूजन कर अपनी भागीदारी नित्यप्रति भागीदारी निभा रहे हैं। कथा वाचन करते हुए भागवताचार्य पंडित हरिशंकर शुक्ल ने समुद्र मंथन, ध्रुव चरित्र सहित अनेक दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण एवं मार्मिक वाचन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, संयम और भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 'समुद्र मंथन हमें सिखाता है कि जीवन में अमृत प्राप्ति के लिए संघर्ष आवश्यक है। जब तक मन रूपी समुद्र का मंथन नहीं होगा, तब तक भीतर का अमृत तत्व प्रकट नहीं हो सकता।' इस पावन अवसर पर परीक्षित दिलीप कुमार लखनपुर,ब्राह्मण वयोवृद्ध पूर्व सांसद पंडित रामकिशन एवं किसान नेता इंदल सिंह विशेष रूप से कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष इंद्रमोहन शर्मा यजमान परीक्षित दिलीप लखनपुर, दीनदयाल शर्मा, रामखिलाड़ी जैमन,महेश पाठक,सत्यनारायण तिवारी द्वारा पंडित रामकिशन एवं किसान नेता इंदल सिंह का माला व पटका पहनाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ गायक विजयराम शर्मा मुल्की उर्फ मदनलाल पंजाबी द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। उनके सुमधुर भजनों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर विकसित होगा शहर के हृदयस्थल गोरा बादल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण

## पवेलियन और आफिस से लेकर खिलाडियों के लिए सर्वसुविधा से शहर की प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर मद से शहर के हृदयस्थल गोरा बादल स्टेडियम को अब स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स के रूप में विकासित करने से शहरवासियों, विशेषकर खिलडियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर मिल सकेगा। यह बात सांसद सीपी जोशी ने शनिवार को हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड और नगर परिषद के बीच हुए एमओयू के अवसर पर कही। उन्होंने हिन्दुस्तान जिंक़ की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन चित्तौडगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक पल है जब कई पूर्व प्रधानमंत्रियों और खेल प्रतिभाओं का प्रांगण रहा गोरा बादल स्टेडियम नये स्वरूप में विकसित हो कर स्पोट्स कॉम्प्लेक्स का स्वरूप लेने जा रहा है। यहां खिलाडी और आम नागरिक मॉर्निग वॉक के लिए जाते है, पिछले कई वर्षो से इस स्टेडियम का उपयोग नही हो पा रहा था लेकिन इस एमओयू के बाद एक बार फिर से गोरा बादल स्टेडियम जीवंत हो कर लोगो के आकर्षण का केंद्र होगा।



जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड एवं नगरपरिषद के बीच एमओयू के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद सीपी जोशी, विशिष्ठ अतिथि विधायक चंद्रभान सिंह आंक्या, जिला प्रभारी सचिव सरवन कुमार, जिला कलेक्टर आलोक रंजन, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरूण मिश्रा, वेदांता समूह की सीएसआर हेड अनुपम निधि एवं चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के लोकेशन हेड आलोक रंजन उपस्थित थे।

इस मौके पर विधायक चंद्रभान सिंह आंक्या ने हिन्दुस्तान जिंक़ की गोरा बादल स्टेडियम के सर्वागिंण विकास की पहल की प्रशंसा एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि इस पहल पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर इस ऐतिहासिक स्थल के विकास को आगे बढ़ाने का कार्य किया है जिसके पूर्ण होने पर युवाओं एवं खेल प्रतिभाओं को आगे बढने और शहरवासियों को स्वस्थ रहने का सुनहरा अवसर फिर से प्राप्त होगा।

इस पहल पर, सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक हिन्दुस्तान जिंक, अरुण मिश्रा ने कहा कि, खेल में चरित्र निर्माण, मजबूत बनाने और समुदायों को एकजुट करने की ताकत है। गोरा बादल स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स परिसर के विकास के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एक ऐसा सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जहां युवा अपनी क्षमता को पहचान सकें और अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सकें। हिन्दुस्तान जिंक़ में, हम ऐसे निवेश को युवा विकास, सामुदायिक कल्याण और ऐसे अवसर देने की दिशा में दीर्घकालिक योगदान के रूप में देखते हैं जो खेल के मैदान से कहीं आगे तक हैं।

एमओयू पर नगरपरिषद आयुक्त केजी माली एवं हिन्दुस्तान जिंक की ओर से चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के लोकेशन हेड आलोक रंजन ने हस्ताक्षर कर आदान प्रदान किया। इस अवसर पर प्रशासक नगरपरिषद कैलाश गुर्जर, जनप्रनिधि अनिल ईनाणी, शैलेन्द्र झंवर, हर्षवर्धन सिंह, रघु शर्मा, गौरव त्यागी, ओम प्रकाश शर्मा,नवीन पटवारी, हिन्दुस्तान जिंक से जी मलेशम, अभय गौतम, सुंदर राज, ममता शर्मा, मनीषा भाटी, योगेश वर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन ने जागरूकता एवं विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन व ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सोलंकी के निर्देशन में सोमवार को जागरूकता एवं विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे नि:शुल्क विधिक सेवाओं से आमजन को अवगत कराया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के सचिव देव तिवारी ने बताया पंचायत समिति कपासन परिसर में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सोलंकी के निर्देशन में जागरूकता एवं विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान अधिकार मित्र प्रकाशचंद्र सुथार द्वारा पंचायत समिति परिसर में उपस्थित आमजन को नालसा की विभिन्न योजनाओं एवं नालसा हेल्पलाइन सहित महत्ती विधिक सेवा संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।साथ ही ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन द्वारा आमजन को नि:शुल्क विधिक सेवाओं से अवगत कराते हुवे इनसे लाभान्वित होने हेतु प्रेरित किया गया।

## अंधेरी देवरी स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधेरी देवरी में सोमवार को आयोजित समारोह में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य भगवान सहाय जारोडिया ने की। इस अवसर पर कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विदाई समारोह में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के छात्रों को तिलक लगाकर, मोली बांधकर तथा मुंह मीठा कराकर आत्मीय विदाई दी। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाकर जीवन में आगे बढऩे की शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ अध्यापक रामराज मीना ने बताया कि प्रधानाचार्य भगवान सहाय जारोडिया ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर कठोर परिश्रम के साथ सही दिशा में आगे बढऩे का आह्वान किया। वहीं व्याख्याता आशुतोष दाधीच ने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए उपयोगी टिप्स देते हुए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। उपप्रधानाचार्य शाइस्ता सुल्ताना ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर व्याख्याता समीक्षा शर्मा, दीपशिखा जैन, अनीता शर्मा, मुस्कान यादव, रश्मि गुर्जर, मंजू वर्मा, भानू प्रकाश, सुरेखा अरोड़ा, भगवती देवी, ईश्वर लाल प्रजापति, सुरेन्द्र सिंह चौहान, आनंद कुमार सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 200 बच्चों ने हूला हूप प्रतियोगिता में दिखाया हुनर, खेल मैदान में उमड़ा उत्साह



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की खेल विकास योजना के अंतर्गत नन्हें खिलाड़ी शौर्य गुरनानी के जन्मदिन के अवसर पर कन्या महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित हूला हूप (रिंग घुमाओ) प्रतियोगिता उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शहरभर के करीब 200 बच्चों ने भाग लिया, वहीं अभिभावकों की मौजूदगी से आयोजन का उत्साह दोगुना हो गया। 'खेलेंगे तो खिलेंगे' पहल के तहत योजना के छह सेंटरों के खिलाडिय़ों सहित बड़ी संख्या में शहरवासियों ने दोपहर 1 बजे से शाम 6:30 बजे तक चले इस खेलोत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कार्यालय से बाबूलाल टांक, दिलीप सोनी, दिनेश सुथार, पृथ्वीराज सिंह चौहान तथा खेल विकास योजना संयोजक विवेक निमावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन सचिव दिनेश सोलंकी और मनीषा सोलंकी ने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केन ऑक्सफोर्ड स्कूल के निदेशक गौरव तोलम्बिया उपस्थित रहे। उन्होंने अभिभावकों के साथ मिलकर विजेता खिलाडिय़ों को मेडल, प्रमाण पत्र और ट्रॉफियां प्रदान कीं।

इस अवसर पर कोच मनीषा सोलंकी, दिनेश सोलंकी, कोमल शर्मा, महेश शर्मा और पलक राजपूत का सम्मान भी किया गया। प्रतियोगिता संयोजक अजीत जैन ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन बच्चों को खेल मैदान से जोडऩे की दिशा में एक सशक्त पहल है। उन्होंने बताया कि खेल विकास योजना के तहत आगे भी फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक और दौड़ जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अजीत जैन ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को प्रतिदिन कम से कम दो घंटे खेल मैदान में भेजें, ताकि उनका सर्वांगीण शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर मनाई परमात्मा शिव की 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर परमात्मा शिव भोलेनाथ की 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव सर्वोच्च सत्ता हैं, जो सर्वधर्म मान्य और सर्व देवों के देव महादेव हैं। उनका यह पावन पर्व सभी भक्तगण व्रत, जागरण एवं श्रद्धापूर्वक पूजन के माध्यम से उल्लास के साथ मनाते हैं।



आशा दीदी ने कहा कि इस शिव जयंती पर हम सभी को अपने मन से कोई न कोई एक बुराई त्यागने का संकल्प अवश्य लेना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने परमात्मा शिव के प्रति अटूट आस्था प्रकट करते हुए जीवन को पवित्र बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आरटीओ विभाग से किशन तेली, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण शर्मा (हेड ऑफ डिपार्टमेंट), डॉ. सविता (हेड ऑफ डिपार्टमेंट, पैथोलॉजी), डॉ. ज्योति धाकड़ (आयुर्वेदिक विशेषज्ञ), साईं एस्ट्रो विजऩ से बहन हरदीप कौर एवं संजय गिल, लिटिल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल विमला पाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने परमात्मा शिव का ध्वज लहराकर यह प्रतिज्ञा ली कि वे सदैव स्वयं खुश रहेंगे और दूसरों को भी खुश रखेंगे तथा निरंतर परमात्मा शिव का स्मरण करते रहेंगे।

कार्यक्रम में बीके कविता दीदी ने आत्मा का परिचय दिया, प्रतापगढ़ से आई मीना दीदी ने परमात्मा शिव का परिचय कराया। डीके सुमन दीदी ने ध्यान (मेडिटेशन) कराया एवं आशा दीदी ने शिव जयंती का गूढ़ रहस्य स्पष्ट किया। सुमन दीदी द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीत ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया, वहीं कुमारी पलक नेऔर हिमांशी ने अपने मनमोहक नृत्य से सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रतिज्ञा की। इसके पश्चात परमात्मा शिव को भोग अर्पित कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## राजकीय मॉडल स्कूल कपासन में विद्यार्थियो हेतु व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर मार्गदर्शन पर वार्ता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में सोमवार को विद्यार्थियो के लिए व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर मार्गदर्शन पर आधारित वार्ता का आयोजन किया गया।

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल कपासन के प्रधानाचार्य भैरूलाल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ. अखिलेश चाष्टा एवं महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चित्तौडग़ढ़ द्वारा विद्यालयी छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व विकास तथा कैरियर मार्गदर्शन पर वार्ता करते हुवे मार्गदर्शन प्रदान किया गया।जिसमे तहत उक्त वार्ता के प्रथम सत्र में डॉ. अखिलेश चाष्टा द्वारा बच्चों से सीधे वार्ता कर पढ़ाई में अपना मन कैसे लगाएं इस हेतु अवधान एवं परिश्रम इत्यादि उपाय साझा किये गये।साथ ही विद्यार्थियों को कैसे पढ़ा जाये।इस हेतु आवश्यक व सटीक उपाय बताये।जिससे विद्यार्थी काफी प्रभावित एवं प्रेरित हुवे।



इधर उक्त वार्ता के द्वितीय सत्र का कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों हेतु आयोजन किया गया।जिसमे इस जीवन के 4 प्रमुख केन्द्र बुद्धि,कर्म,भावना व आकर्षण को चरण बद्ध समझाकर भविष्य में अपना व्यक्तित्व एवं कैरियर को किस प्रकार अवांछित घटनाओं से बचाते हुवे जीवन को ऊंचाइयों तक ले जा सकते है।जिससे विद्यार्थियो अवगत कराया गया।इस दौरान वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की जिज्ञासाओं को प्रश्नों के प्रभावी उत्तर देकर संतुष्ट किया गया।जिसमें शिक्षकों एवं अभिभावकों को अपने बालक-बालिकाओं के साथ किस प्रकार का व्यवहार कर उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है।जिस पर अनुभव साझा किये गये।साथ ही वार्ता के दोनों सत्रों की संपूर्ण वार्ता को विद्यार्थियो व शिक्षकों द्वारा पूर्ण मनोयोग के साथ सुना व सीखा गया।

## महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने भीलवाड़ा पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने सोमवार को भीलवाड़ा पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और संपर्क सभा में जवानों से संवाद किया। संपर्क सभा के दौरान उन्होंने जवानों की समस्याओं को सीधे सुना और पुलिसिंग को हाईटेक बनाने के साथ-साथ पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए बड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शूटिंग रेंज और विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस लाइन में सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए, एमबीसी बैरक से अस्थाई बाथरूम हटाकर बेहतर सुविधाएं दी जाएं और लाइब्रेरी में वाई-फाई व इन्वर्टर की सुविधा तुरंत उपलब्ध कराई जाए।

पुलिस लाइन में आयोजित संपर्क सभा के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पदोन्नति, मैस डाइट बढ़ाने, सरकारी आवास निर्माण, मोबाइल व मोबाइल भत्ता, प्रशासनिक भवनों की कमी, फास्ट मूविंग वाहनों की आवश्यकता, भर्ती एवं वरिष्ठता संबंधी विसंगतियों पर ध्यान आकृष्ट किया। इसके साथ ही उन्होंने एमबीसी एवं बैंड की पदोन्नति, पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए स्कूलों में कोटा, नए पुलिस जिलों में भवन निर्माण, मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध सशक्त संसाधन उपलब्ध कराने तथा राजकॉप ऐप में सुधार जैसे विषय प्रमुख रहे।

### सनातन मंगल महोत्सव को लेकर भीलवाड़ा में तैयारियां जोरों पर

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष की संभावित मौजूदगी से प्रशासन सतर्क

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा शहर में पहली बार आयोजित होने जा रहे भव्य सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह को लेकर प्रशासनिक और आयोजन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सान्निध्य एवं संयोजन में यह महोत्सव 19 से 26 फरवरी तक आयोजित होगा। महोत्सव में राजस्थान के राज्यपाल,



मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष सहित अनेक मंत्रीगण और जिले के जनप्रतिनिधियों की संभावित उपस्थिति को देखते हुए पुलिस व प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, अतिक्रमण तथा भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के साथ आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्र का भ्रमण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं और अतिथियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके तहत आयोजन स्थल के आसपास के मार्गों से अतिक्रमण हटाने, यातायात को सुचारू रखने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

### विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला, हर वर्ग की आकांक्षाओं को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट

## लोकल से ग्लोबल तक भारत की उड़ान का रोडमैप है यह बजट-भूतड़ा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने केंद्र सरकार के तीसरे बजट को विकसित भारत की दिशा में निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट लोकल से ग्लोबल की सोच को साकार करने वाला और देश के हर नागरिक के सपनों व आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है भूतड़ा ने प्रेस वार्ता में कहा कि यह बजट युवाओं को अवसर, किसानों को विश्वास, महिलाओं को आत्मनिर्भरता और गरीब व मध्यम वर्ग को सशक्तिकरण प्रदान करता है। यह केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का विजन पत्र है।



### सतत पूंजी निवेश से रखी गई विकास की सुदृढ़ नींव

पूर्व विधायक भूतड़ा ने कहा कि जहाँ पूर्ववर्ती सरकारों ने आधारभूत संरचना की अनदेखी की, वहीं मोदी सरकार ने निरंतर पूंजी निवेश के माध्यम से विकास को नई गति दी है उन्होंने बताया कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय वर्ष 2014-15 में 2 लाख करोड़ से बढक़र 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जिसे 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ किया जाएगा। भूतड़ा ने कहा कि यह पहला बजटहै जो कर्तव्य भवन में बना है और इसके तीन प्रमुख कर्तव्य हैं— आर्थिक वृद्धि, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना आमजन की उम्मीदों को पूरा कर सुविधाओं और अवसरों का विस्तार करना सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना

इस बजट को भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर युग की शुरुआत बताते हुए भूतड़ा ने कहा कि 12.25 लाख करोड़ के रिकॉर्ड पूंजीगत खर्च से सडक़, रेलवे और शहरी विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी उन्होंने बताया कि 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर,20 नए नेशनल जलमार्ग देश के परिवहन तंत्र को आधुनिक और सशक्त बनाएंगे।

### टेक्नोलॉजी, उद्योग और रूस्रूश्व को मजबूती

रेयर अर्थ मिनरल्स और सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 पर फोकस से भारत को टेक्नोलॉजी सुपरपावर बनाने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है उन्होंने कहा कि 10,000 करोड़ के रूस्रूश्व ग्रोथ फंड और सस्ते वित्त की व्यवस्था से युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनेंगे।

प्रेस वार्ता में उपस्थित
पूर्व जिला महामंत्री पवन जैन, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, जिला मंत्री कर्ण सिंह रावत, बृजकिशोर शर्मा, मंडल अध्यक्ष रवि चोहान, जयसिंह सुवाहा, प्रदीप सिंह रावत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 7 सरकारी टीचर्स पर टॉर्चर करने की एफआईआर दर्ज

## सीनियर टीचर ने की थी खुदकुशी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर में रिटायरमेंट के 5 महीने पहले सुसाइड करने वाले सीनियर टीचर के मामले में 7 सरकारी टीचर्स पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि इन टीचर्स ने सीनियर टीचर को टॉर्चर किया। पुलिस को मौके से 4 पेज का 2000 शब्दों का सुसाइड नोट मिला था। मामला अकरबरपुर के निर्भमपुरा गांव का रविवार शाम का है। जहां सीनियर टीचर बड्डन लाल बलाई (59) ने घर से 100 मीटर दूर बाड़े में फंदा लगा सुसाइड कर लिया। टीचर के पास सुसाइड नोट भी मिला था। सुसाइड नोट में सीनियर टीचर ने स्कूल के प्रिंसिपल और टीचर्स पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। प्रिंसिपल सुनीता बाई, प्रिंसिपल गायत्री देवी, प्रिंसिपल एके मिश्रा, टीचर अनिल कुमार वर्मा, रोशन लाल यादव, प्रितेंद्र सिंह, सीमा गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# राजस्थान कांग्रेस की कार्यकारिणी के लिए बने नए नियम

## संगठन जिले में 3 विस तो 31 और उससे ज्यादा पर 51 की संख्या होगी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** राजस्थान में अब जिला कांग्रेस कमेटियों में कार्यकारिणी की लिस्ट लंबी-चौड़ी नहीं होगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अब कार्यकारिणी को लेकर नए पैरामीटर बना दिए हैं। इससे जंबो कार्यकारिणी नहीं बनेगी। अब ठोक-बजाकर सीमित लोगों को जगह दी जाएगी। अब जिलेवार संख्या तय कर दी गई है, जिससे न्यूनतम 31 और अधिकतम 51 सदस्यों की कार्यकारिणी होगी। इससे पहले 100 पार की कार्यकारिणी बनती रही है। उदयपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने बताया- आईसीसी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के नए निर्देश मिलने के बाद राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी जिलाध्यक्षों को नए पेरामीटर वाला वेणुगोपाल वाला पत्र भेज दिया है। उसके अनुसार संगठन में कार्यकारिणी गठन करने को कहा है। फतह सिंह राठौड़ ने बताया- प्रदेश अध्यक्ष के मिले निर्देश के अनुसार हम कार्यकारिणी जल्द बनाकर पीसीसी को भेजेंगे। अब कार्यकारिणी नई जो गाइडलाइन आई है, उसके अनुसार बनाई जाएगी।

# 14 दिन में 3 लेपर्ड और बाघिन की मौत : एक फंदे पर लटका मिला, दूसरे को कुल्हाड़ी से मारा, तीसरा एक्सीडेंट में खत्म

**अलवर।** अलवर में सोमवार सुबह एक और लेपर्ड की मौत हो गई। कुशालगढ़ से नारायणपुर रोड पर नांगलहेड़ी गांव के मुख्य रोड पर लेपर्ड का शव मिला। सड़क पर एक्सीडेंट से मौत होने की आशंका है। वन विभाग की टीम ने पोस्टमार्टम कराया है। अलवर और उससे सटे कोटपुतली बहरोड़ जिले में 14 दिन में 3 लेपर्ड और एक बाघ की मौत हो चुकी है। सोमवार को कुशालगढ़ से नारायणपुर रोड के बीच नांगलहेड़ी गांव में मुख्य रोड पर तेंदुआ मरा मिला। 7 फरवरी को कोटपुतली बहरोड़ जिले के नारायणपुर के खरकड़ी गांव में एक किसान ने लेपर्ड को कुल्हाड़ी से मार दिया था। 2 फरवरी को अलवर के अकबरपुर रेंज में टाइग्रेस एसटी 28 का शव जंगल में पड़ा मिला था। 26 जनवरी को प्रतापगढ़ के गुवाड़ा में लेपर्ड पेड़ पर फंदे से लटका मिला था।



# सुप्रीम कोर्ट ने 54000 करोड़ की साइबर ठगी को डकैती-लूट बताया

## ये रकम कई राज्यों के बजट से भी ज्यादा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल फ्रॉड से हुई 54 हजार करोड़ की ठगी को डकैती और लूट बताया। कोर्ट ने कहा कि यह रकम कई छोटे राज्यों के बजट से भी ज्यादा है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से इससे निपटने के लिए गाइडलाइन बनाने को कहा है। सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस एन वी अंजारिया की बेंच ने कहा कि ये अपराध बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही से हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, दूरसंचार विभाग और अन्य बैंक को डिजिटल अरेस्ट के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए फ्रेमवर्क तैयार करने को कहा। साथ ही गृह मंत्रालय से आरबीआई और दूरसंचार विभाग के नियमों को देखकर चार हफ्ते में ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है।

### कोर्ट ने मामलों की जांच सीबीआई को दी थी

कोर्ट पहले ही इन मामलों की जांच सीबीआई को सौंप चुकी है। साथ ही गुजरात और दिल्ली सरकार को आदेश दिया था कि वे इन मामलों में सीबीआई जांच की मंजूरी दें। मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी।

# सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया- वांगचुक बिल्कुल ठीक

## एम्स में अच्छा इलाज मिल रहा; वांगचुक के वकील ने हिरासत पर विचार करने को कहा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक बिल्कुल ठीक हालत में हैं। हिरासत में रहते हुए उन्हें एम्स, जोधपुर में अच्छा इलाज मिल रहा है। वांगचुक के वकील ने कहा कि उनकी हिरासत पर फिर से विचार करने का यह सही समय है क्योंकि वह अभी भी अस्वस्थ हैं। केंद्र की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने बताया कि वांगचुक की हिरासत पर अभी तक कुछ तय नहीं हुआ है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पी.बी. वराले की बेंच वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है। 11 फरवरी को अगली सुनवाई होगी। दरअसल, 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (हृस्न) के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया गया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं।

# प्रदेश में पारा 5 के नीचे आया, ओस की बूंदें जमीं : कोहरा, बादल छाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के कुछ इलाकों में सर्दी अब भी कम नहीं हो रही। सोमवार की सुबह अलवर में फसलों पर ओस की बूंदे जम गईं। सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहा और बादल छाए। यहां का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। सीकर में बादल छाए हैं। सोमवार को पारे में 3 डिग्री का उछाल देखने को मिला है। सीकर के फतेहपुर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र पर सुबह न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले यहां पर रविवार को न्यूनतम 4.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया था।

### मामूली उतार-चढ़ाव

उधर, प्रदेश के मौसम में रविवार को मामूली उतार-चढ़ाव रहा। उत्तरी हवा के असर से शेखावाटी समेत कई शहरों के न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई। पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर के एरिया में हल्के बादल छाने से धूप कमजोर रही। यहां भी अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट हुई।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राय रहने और तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव होने की संभावना जताई है।

### सबसे ठंडा इलाका फतेहपुर और पाली रहा

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो रविवार को सबसे ठंडा इलाका फतेहपुर (सीकर) और पाली का रहा। इन शहरों का न्यूनतम तापमान 4.9 और 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में सबसे अधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जालोर में रविवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस, दौसा में 29.5, डूंगरपुर में 29.3, जैसलमेर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़ में 29.8-29.8, अजमेर, भीलवाड़ा में 28.2, टोंक में 28.6, उदयपुर में 28.4, पिलानी (झुंझुनूं), बीकानेर में 28, फलोदी में 28.6 और जयपुर में 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### दिनभर तेज धूप से गर्मी, सुबह-शाम सर्दी

प्रदेश में इन दिनों तापमान में बड़ा उतार-चढ़ाव हो रहा है। दिन में शहरों का अधिकतम तापमान 25 डिग्री से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रह रहा है। तेज धूप के कारण दिन में हल्की गर्मी महसूस हो रही है। सुबह-शाम सर्दी तेज है। शेखावाटी एरिया के सीकर, पिलानी (झुंझुनूं), फतेहपुर (सीकर), झुंझुनूं, दौसा, करौली, सिरोही, बारां, श्रीगंगानगर, माउंट आबू (सिरोही), अलवर, टोंक में न्यूनतम तापमान रात में गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा रहा है।



### एक सप्ताह इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- प्रदेश में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राय रहेगा और तापमान में कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा। सुबह-शाम उत्तर-पूर्वी राजस्थान के शहरों में सर्दी तेज रहेगी, जबकि दिन में यहां तेज धूप से अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज होगा।

# शाह बोले- बस्तर की पहचान बारूद नहीं, संस्कृति है

## बस्तर पंडुम में कहा- तय समय में नक्सलवाद खत्म होगा, यह सबसे विकसित संभाग बनेगा

बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर की पहचान बारूद से नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध संस्कृति से है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद का तेजी से सफाया हो रहा है और सरेंडर करने वाले नक्सलियों को कोई आंच नहीं आएगी। लेकिन स्कूल और अस्पताल जलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। तय समय में नक्सलवाद खत्म होगा। शाह ने भरोसा दिलाया कि बस्तर को प्रदेश का सबसे विकसित संभाग बनाया जाएगा। उन्होंने ये बातें जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित बस्तर पंडुम के मंच से कही। इससे पहले स्वागत के दौरान उन्हें कौड़ी की माला और पारंपरिक पगड़ी पहनाई गई।



### बस्तर की संस्कृति और बस्तर पंडुम

अमित शाह ने कहा कि बस्तर की पहचान बारूद नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध संस्कृति और कला है। बस्तर पंडुम पहले 7 विधाओं तक सीमित था, लेकिन अब 5 नई विधाएं जुड़ने से यह 12 विधाओं का उत्सव बन गया है।

उन्होंने कहा कि बस्तर की कला और संस्कृति विश्व में अद्वितीय है, जिसे प्रभु श्रीराम के समय से संजोकर रखा गया है। आयोजन में करीब 55 हजार लोगों ने भाग लिया, जिसमें दंतेवाड़ा से सबसे अधिक सहभागिता रही और अबूझमाड़िया, माड़िया व मुरिया जनजातियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### बस्तर सबसे विकसित संभाग बनेगा

**गृह मंत्री ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जनजातीय कलाकारों को मंच देकर बस्तर की संस्कृति को नया जीवन दिया है और अब यह क्षेत्र विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर को सबसे विकसित संभाग बनाया जाएगा। नक्सलवाद खत्म होते ही नई पर्यटन गतिविधियां शुरू होंगी। बस्तर में 118 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है, जिससे आदिवासी युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं रावघाट योजना भी तेजी से आगे बढ़ रही है और इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।**

# जयपुर में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

## समाज को मजबूत करने का संदेश दिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जगतपुरा महल रोड स्थित 11-रामचंद्रपुरा में जनकल्याण संस्थान के भवन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर में राम परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। प्रांत के धर्मजागरण प्रमुख अमरसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम की मूर्तियों की स्थापना की गई। इसके बाद फाल्गुन कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को अभिजीत मुहूर्त में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन-यज्ञ कर मूर्तियों की विधिवत प्रतिष्ठा संपन्न हुई।

यह आयोजन 1008 अवधेश देवाचार्य महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी एवं धर्म जागरण प्रमुख शरद राव डोले के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ**-विराट हिंदू सम्मेलन की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

**वसुधैव कुटुंबकम की भावना से समाज मजबूत होगा - सुरेश सोनी**-कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि समाज वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ संयुक्त परिवार में रहेगा, तो सब कुछ अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि देह का महत्व तभी तक है, जब तक उसमें आत्मा है।

आत्मा निकल जाने के बाद शरीर का कोई मूल्य नहीं रहता। रामायण का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम से मिलने से पहले वानर, भालू और रीछ समाज बिखरा हुआ था, लेकिन राम से जुड़ने के बाद उन्हें जीवन की नई दिशा मिली।

# इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट तलाशी

## चंद्रमा के साउथ पोल पर मॉन्स माउटन पहाड़ पर उतरेगा; मिट्टी और चट्टान के टुकड़े लाए जाएंगे

बेंगलुरु। एजेंसी

इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मॉन्स माउटन (एमएम-4) क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मॉन्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है। हालांकि, लैंडिंग साइट को लेकर अंतिम फैसला लॉन्च के करीब लिया जाएगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह इलाका इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां लंबे समय तक सूर्य की रोशनी मिलती है। इसके अलावा इस क्षेत्र में वॉटर आइस मौजूद होने की संभावना भी जताई जाती है।

# संसद और दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी

## मेल में लिखा-13 फरवरी को संसद में ब्लास्ट होगा, दिल्ली को खालिस्तान बना देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली के 15 स्कूलों को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिले। मेल में दावा किया गया कि 13 फरवरी को दोपहर 1.11 बजे संसद में ब्लास्ट होगा और दिल्ली को खालिस्तान बना देंगे। अधिकारियों ने बताया कि आठ धमकियां बाद में फर्जी पाई गईं। ईमेल में आतंकी अफजल गुरु और पंजाब को खालिस्तान बताने का भी जिक्र था। धमकी के बाद स्कूलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली फायर सर्विस के ुताबिक, सुबह अलग-अलग इलाकों के स्कूलों से इमरजेंसी कॉल आई। इसके बाद फायर टेंडर, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड तुरंत मौके पर पहुंची। धमकी भरे ईमेल में लिखा- अफजल गुरु की याद में दिल्ली बनेगा खालिस्तान। 1:11 बजे पर धमाका होगा, 13 फरवरी को 1:11 बजे पर संसद में ब्लास्ट होगा। पंजाब खालिस्तान है। खालिस्तान नेशनल आर्मी।

### स्कूलों को खाली कराया गया

डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा कि अब तक 15 स्कूलों ने धमकी मिलने की सूचना दी है। सभी परिसरों की गहन जांच की जा रही है। इनमें से आठ धमकियों को बाद में फर्जी बताया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ईमेल की लोकेशन और सोर्स पता करने के लिए साइबर टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। साथ ही राजधानी के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। अब तक किसी भी स्कूल से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।


# नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब के सर्कुलेशन पर एफआईआर

## राहुल इसकी कॉपी लेकर संसद पहुंचे थे, दावा किया- चीन ने लद्दाख में घुसपैठ की थी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के सर्कुलेशन को लेकर दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन न्यूज फोरम पर सामने आई जानकारी के आधार पर की गई, जिसमें दावा किया गया था कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी सर्कुलेट हो रही है। पुलिस के मुताबिक, इस किताब के पब्लिकेशन के लिए अभी संबंधित अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी नहीं मिली है। पुलिस जांच में सामने आया कि इसी टाइटल वाली एक टाइप-सेट किताब की पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध थी।

आशंका जताई गई है कि पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने जो कॉपी तैयार की थी, यह वही हो सकती है। इसके अलावा, कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म्स पर किताब के कवर को इस तरह दिखाया गया, जैसे वह खरीद के लिए उपलब्ध हो। इस पूरे मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने केस दर्ज किया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अप्रकाशित और बिना मंजूरी वाली किताब की सामग्री कैसे सार्वजनिक हुई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।




यह एफआईआर ऐसे समय दर्ज की गई है, जब 4 फरवरी को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को संसद परिसर में किताब की एक कॉपी दिखाते हुए देखा गया था। राहुल ने कहा था- अगर पीएम मोदी संसद आए तो उन्हें यह किताब दूंगा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।